हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

[भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर]

16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष

श्री खाटूश्याम ज्योतिष दुर्ग



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ | पं.रविकांत शर्मा
पं.एस.के. शास्त्री



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान



क्यों चुनें हमें ?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र

₹ 101 | ₹ 251

PAYMENT QR CODE

फोन से परामर्श मात्र

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

पुलगांव नाला के पास एसएलआरएम सेंटर में डंप कचरे से उठती बदबू से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

पुलगांव वार्ड-55 स्थित जलाराम वाटिका के पास एसएलआरएम सेंटर अब लोगों के लिए नासूर बन गया है। उठती बदबू और गंदगी के पुलगांव नाले में मिलने से संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। खास बात यह है कि इसे लेकर लगातार शिकायत की जा रही है। बावजूद निगम ने इस समस्या का निराकरण नहीं किया गया है। इतना ही नहीं शुक्रवार को वार्ड के पार्षद अश्वरी कुमार निषाद ने इस समस्या के निराकरण के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को ज्ञापन सौंपने का भी प्रयास किया, लेकिन उन्हें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिलने ही नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि वे एसएलआरएम सेंटर की समस्या को लेकर कलेक्टर से लेकर निगम आयुक्त और महापौर को अवगत करा चुके हैं। सामान्य सभा में अपनी बात रख चुके हैं। इतना ही नहीं चक्काजाम का भी प्रयास कर चुके हैं। बावजूद इसके समस्या तस के तस बनी हुई है। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद समस्या और अधिक विकराल रूप ले चुकी हैं। आसपास के कॉलोनीवासी खासे परेशान हैं। पार्षद ने तत्काल समस्या का निराकरण नहीं होने पर वार्डवासियों के साथ मौके पर पुनः चक्काजाम करने की चेतावनी दी है।

कचरे के सेग्रीगेशन के लिए बनाया सेंटर, नहीं होता है प्रसंस्करण

बता दें कि करीब 25 लाख रुपए खर्च कर निगम ने पुलगांव नाला के करीब एसएलआरएम सेंटर बनाया है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत कचरे का सेग्रीगेशन किया जाना है। गीला-सूखा कचरा अलग-अलग किया जाना है। झिल्ली-पन्नी, प्लास्टिक, कांच, लोहा, मेडिकल वेस्ट अलग-अलग किया जाना है, लेकिन सारा कचरा एक साथ मिलाकर करीब 10 वार्डों का डोर-टू-डोर कलेक्ट कचरा यहां डंप किया जा रहा है। सेग्रीगेशन नहीं होने की वजह से परेशानी बढ़ गई है। आरोप है कि निगम का स्वास्थ्य अमला यहां कचरा डंप करता है। इसके बाद लैंड फिलिंग के नाम पर 10 से 15 दिन में कचरा शहर के आउटर क्षेत्रों में डंप कर दिया जाता है। बहरहाल समस्या बनी हुई है।

पार्षद की शिकायत का असर नहीं, भाजपा की आमसभा के दौरान ग्रीन कपड़े से किया गया था कवर



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से नहीं मिलने दिया गया

मुझे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिलने नहीं दिया गया, जबकि मैंने पहले ही अपनी समस्या से अवगत कराया था। स्वास्थ्य मंत्री कचरे का पहाड़ देख सकें, इसलिए ग्रीन कपड़े से पूरे एसएलआरएम सेंटर को कवर कर दिया गया था। कचरे को जल्द ही ट्रांसफर नहीं किया गया, तो वे दोबारा मौके पर चक्काजाम करेंगे। इसके बाद की सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।
-अश्वनी कुमार निषाद, पार्षद पुलगांव वार्ड-55

खबर संक्षेप

शारीरिक दक्षता परीक्षा के पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन

दुर्ग। भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती 2026-27 हेतु ऑनलाईन लिखित परीक्षा सीईई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु प्रशिक्षण 21 अक्टूबर से रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में शुरू हो चुका है। जानकारी अनुसार जिले के अभ्यर्थी जो अग्निवीर की भर्ती 2026-27 के लिये आयोजित ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त करने इच्छुक अभ्यर्थी सुबह 6 बजे रविशंकर स्टेडियम में उपस्थित हो सकते हैं।

निर्वाचक नामावली के लिए संशोधित समय-सारणी जारी

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य की नगर पालिकाओं के आगामी आम, उप निर्वाचन दिसंबर 2026 के मद्देनजर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित संशोधित आदेश के तहत अब दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 03 नवम्बर को अपरान्ह 3 बजे तक तय की गई है। इसके पश्चात प्राप्त होने वाले दावों तथा आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि 6 नवम्बर निर्धारित की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा छग नपानि अधिनियम, 1956 की धारा 14 (1), छग नपानि अधिनियम, 1961 की धारा 32 (1) तथा छग नगर पालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 8 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्णय लिया गया है।

अतिवृष्टि के बाद अर्नब चक्रवाती तूफान की बारिश और तेज हवाओं ने उजाड़ी फसलें

दो महीने में दूसरी बार मौसम की मार, सब्जी की 30% फसल खराब, टमाटर को सबसे ज्यादा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले के सब्जी उत्पादक किसानों पर मौसम की दोहरी मार पड़ी है। पिछले दो महीने पहले यानी सितंबर के अंतिम सप्ताह में भारी बारिश और खेतों में पानी भरने के कारण सब्जियों की फसलें बर्बाद हुई थीं। किसान अभी इस नुकसान से उबर भी नहीं पाए थे कि अर्नब चक्रवाती तूफान के प्रभाव से पिछले दो दिनों तक हुई बारिश और तेज हवाओं ने उनकी मुश्किलें फिर बढ़ा दी हैं। इस बार सब्जी फसलों को 30 प्रतिशत नुकसान होने का अनुमान है।

सबसे ज्यादा नुकसान टमाटर उत्पादक किसानों को उठाना पड़ रहा है। खेतों में टमाटर की नई पौध तैयार हो चुकी थी और उसमें फूल आने लगे थे। किसानों को उम्मीद थी कि जल्द ही पौधों में फल लगेंगे और अच्छी पैदावार मिलेगी, लेकिन तेज हवाओं ने पौधों पर लगे फूल झाड़ दिए। इससे आगामी उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। लगातार दूसरी बार मौसम की मार झेल रहे किसानों के सामने अब खेती की लागत निकालने का संकट खड़ा हो गया है। दुर्ग जिले में लगभग 41.8 हजार एकड़ क्षेत्र में सब्जी-भाजी की खेती की गई थी। इसमें टमाटर, लौकी, कद्दू, गोभी, लालभाजी, पालकभाजी, मिर्ची और करेला जैसी फसलें प्रभावित हुई है।

उद्यानिकी विभाग ने फील्ड अधिकारियों को सर्वे करने के दिए निर्देश



नई फसल से उम्मीद थी, तेज हवा ने फेर दिया

पहली बारिश में नुकसान उठाने के बाद किसानों ने दोबारा मेहनत कर नई फसल तैयार करने की कोशिश की थी। खासकर टमाटर उत्पादकों को उम्मीद थी कि नई पौध में फूल आने के बाद अच्छी फलत होगी। लेकिन पिछले दो दिनों की तेज हवाओं ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। फूल झड़ने से फल बनने की प्रक्रिया प्रभावित होगी। इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ सकता है। वहीं खेतों में लगातार नमी और जलभराव रहने से पौधों की बढ़वार तथा फसल की सेहत पर भी असर पड़ने की आशंका है।

इन उदाहरणों से सब्जी फसल को पहुंची क्षति

पथरिया के किसान संदीप सोलंकी ने 30 एकड़ में टमाटर की फसल लगाई थी। खेतों में पानी भरने से उनकी फसल प्रभावित हुई। बोरई के किसान मनोज चौहान की 10 एकड़ में लगी कुदरू की फसल के साथ लौकी और पपीते की खेती को भी नुकसान पहुंचा है। बोड़ेगांव के किसान भूपेंद्र देशमुख की नौ एकड़ में खीरे की फसल प्रभावित हुई है। इसके अलावा टमाटर और गोभी की खेती को भी नुकसान हुआ है। किसान रवि प्रकाश ताम्रकार की साग-सब्जियों की फसल को क्षति पहुंची है।

लागत दोबारा लगाने की चुनौती, बीमा का भी सहारा

प्रभावित किसानों ने बताया कि सब्जी की खेती में बीज, पौध, खाद, कीटनाशक, सिंचाई और मजदूरी पर किसानों को काफी खर्च करना पड़ता है। एक बार फसल खराब होने के बाद दोबारा खेती शुरू करने के लिए अतिरिक्त पूंजी की जरूरत होती है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह सबसे बड़ी चुनौती है। धान की तरह सब्जियों की फसल का बीमा और नुकसान की भरपाई भी अधिकांश किसानों को आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती। ऐसे में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का पूरा आर्थिक बोझ किसानों को ही उठाना पड़ता है। दो महीने के भीतर दूसरी बार फसल प्रभावित होने से उनकी आर्थिक स्थिति पर दबाव बढ़ गया है। ज्यादातर किसान सब्जियों का बीमा भी नहीं कराते।

सर्वे करवाकर मुआवजा रिपोर्ट करेंगे तैयार

प्राकृतिक आपदा की वजह से सभी ब्लॉक के उद्यानिकी अधिकारियों को सर्वे करने और उसकी जानकारी देने के निर्देश दे दिए हैं। रिपोर्ट को राजस्व विभाग में भेजकर मुआवजा का प्रकरण तैयार करवाया जाएगा। बीमित किसान बीमा कंपनी को क्लेम करें। अबीमित किसानों को आरबीसी- 6-4 के तहत प्रकरण बनाया जाएगा।
-नारायण सिंह लाउत्रे, जिला उद्यानिकी अधिकारी

कृषक उन्नति व पीएम-आशा योजना में पंजीयन की आज अंतिम तिथि

दुर्ग। राज्य शासन की कृषक उन्नति योजना के तहत खरीफ वर्ष 2026-27 में फसलों के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। सभी पात्र किसानों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराने के साथ ही धान के अतिरिक्त अन्य फसलों के रकबे से संबंधित विवरण का सत्यापन तथा आवश्यक संशोधन कराने की अपील की गई है। किसानों को कृषि कार्यों में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने तथा खेती की लागत को कम करने के उद्देश्य कृषि आदान सहायता राशि प्रदान करने हेतु कृषक उन्नति योजना संचालित की जा रही है। योजना के माध्यम से किसानों को उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि यंत्रीकरण एवं नवीन तकनीक उपयोग में सहायता प्रदान करने का लक्ष्य है। संयुक्त संचालक कृषि ने बताया कि कृषक उन्नति योजनांतर्गत गत वर्ष खरीफ में धान फसल लेने वाले कृषकों द्वारा खरीफ 26 में धान के स्थान पर अन्य कोई भी खरीफ फसल लेने पर 15 हजार रुपये प्रति एकड़ एवं खरीफ वर्ष 2026 में अरहर, उड़द एवं मूंग समस्त खरीफ दलहन की फसल, मूंगफली, तिल, समस्त खरीफ तिलहन की फसल, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास की फसल बोने वाले कृषकों को 10 हजार रूपए प्रति एकड़ कृषि आदान सहायता राशि हेतु पात्रता होगी। उक्त कृषक को अपने उपरोक्त फसल के रकबे का एग्रीस्टेक एवं एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन के पश्चात डिजिटल क्रॉप सर्वे के रकबे में पुष्टि उपरांत मान्य रकबे पर उक्त आदान सहायता राशि की पात्रता होगी। अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 के बाद नया पंजीयन अथवा संशोधन स्वीकार नहीं किए जाने का प्रावधान है।

सीएम ज्ञान प्रोत्साहन योजना में ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि आज

दुर्ग। मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना अंतर्गत छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 2025-26 में मेरिट स्थान प्राप्त कक्षा 12वीं के एससी/एसटी वर्ग के विद्यार्थियों को शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाएगा। योजना अंतर्गत लाभ प्राप्ति हेतु विद्यार्थी में स्वयं राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल के होम पेज पर उपलब्ध लिंक पर जाकर 31 अक्टूबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

पावर हाउस मार्केट में त्योहारी सीजन के लिए बेहतर व्यवस्था के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



त्योहारी सीजन में बाजारों में बढ़ती ग्राहकों की भीड़ एवं व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी व्यापारी मंच के प्रदेश संयोजक अजय भसीन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल भिलाई आयुक्त सुरुचि सिंह एवं एएसपी शोभराज अग्रवाल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पावर हाउस मार्केट में त्योहारी सीजन के दौरान बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ज्ञापन सौंपा।

- प्रकाश व्यवस्था, सफाई, पार्किंग व सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने बाजार में प्रकाश व्यवस्था, नियमित सफाई, पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। इस पर अधिकारियों ने बाजार में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। प्रकाश व्यवस्था पावर हाउस मार्केट में त्योहारी सीजन को देखते हुए प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा, जिससे शाम एवं रात्रि के समय ग्राहकों और व्यापारियों को सुविधा मिल सके। नियमित सफाई बाजार में दिन में दो बार सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई की जाएगी, ताकि बाजार स्वच्छ एवं व्यवस्थित बना रहे। पार्किंग व्यवस्था बाजार के सभी दुकानदारों एवं उनके स्टाफ को अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर रखने की अपील की गई है, जिससे ग्राहकों को पार्किंग की सुविधा मिल सके और बाजार में यातायात बाधित न हो। बाजार में व्यवस्था बनाए रखने के लिए 20 से अधिक गार्ड तैनात किए गए हैं, जो बाजार की सुरक्षा एवं व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करेंगे। अतिक्रमण पर कार्रवाई को लेकर निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर सामान रखकर बाजार की व्यवस्था बाधित न करें। यदि कोई दुकानदार दुकान के बाहर सामान रखता है, तो नगर निगम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अजय भसीन ने कहा कि त्योहारों के समय बाजारों में ग्राहकों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में व्यापारियों एवं ग्राहकों दोनों की सुविधा के लिए सुव्यवस्थित बाजार आवश्यक है। बाजार में बेहतर प्रकाश, स्वच्छता, पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था से ग्राहकों को सुविधा मिलेगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस दौरान ओमप्रकाश शर्मा, मांगी लाल सोनी, मनोहर कृष्णनानी, विनय सिंह, चिन्ना राव, राजकुमार जायसवाल, प्रेमरत्न गहलोत सहित अन्य मौजूद थे।

पटरी पार क्षेत्र में सीसी सड़क निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



दुर्ग। नगर पालिक निगम क्षेत्र के पटरी पार क्षेत्र में सड़क सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को वार्ड क्रमांक 59 में महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कुल 18.62 लाख की लागत से होने वाले दो सीसी सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।इनमें राधा-कृष्ण चौक से हेरिटेज रोड तक 8.64 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण तथा हरि नगर में मंदीप सिंह के घर से गुलशन के घर होते हुए राधा-कृष्ण चौक तक 9.98 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य शामिल है। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन के दौरान महापौर वार्डवासियों से रूबरू हुईं और क्षेत्र की आवश्यकताओं एवं समस्याओं के संबंध में चर्चा की।इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर,पार्षद नीलम शिवेन्द्र परिहार, सावित्री दमाहे, शिवेंद्र परिहार,अरुण सिंह,पटरी पार मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा,जयश्री जोशी आदि उपस्थित रहे।

पोस्टर में बताया नशीली दवाओं और धूम्रपान के हानिकारक प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में एमएससी और बीएससी के विधार्थियों के लिय राष्ट्रीय रसायन विज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सात दिनों तक विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

- श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी राष्ट्रीय रसायन विज्ञान सप्ताह का आयोजन

रसायन विभाग की प्राध्यापक डॉ. मोनिका मेश्राम ने बताया कि पहले दिन पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रकाश-रासायनिक धुंध तथा मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर इसका प्रभाव विषय पर केंद्रित जानकारी दी गई। दूसरे दिन व्यावहारिक प्रशिक्षण और कार्यशाला में सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नैनोकणों के साथ समन्वित सूक्ष्मजीवी गतिविधियों पर विषय विशेषज्ञ डॉ. नरेश कुमार देवांगन ने जानकारी प्रयोगों के माध्यम से दी। तीसरे दिन पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मानव स्वास्थ्य पर नशीली दवाओं एवं धूम्रपान के हानिकारक प्रभाव विषय पर बड़ी संख्या में पोस्टर प्रस्तुत किए गए, जिसे सभी ने सराहा। चौथे दिन शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जिसमें एबिस ऑयल एंड रिफाइनरी प्राइवेट लिमिटेड, इंदामारा में विधार्थियों ने औद्योगिक इकाई का भ्रमण कर उत्पादन, पैकिंग, मार्केटिंग एवं अनुसन्धान संबंधी जानकारी हासिल की। पांचवें दिन अतिथि व्याख्यान और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्राणीशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अतिथि वक्ता डॉ. दुर्गेश शर्मा ने रासायनिक विज्ञान और फिजियोथेरेपी के बीच संबंध विषय पर व्याख्यान दिया। इसके साथ ही छठवें दिन अनुभवात्मक अधिगम के अंतर्गत क्रोमैटोग्राफिक पृथक्करण तकनीकें विषय पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. स्मिता सेलट ने विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए विधार्थियों की बड़ी संख्या में सहभागिता एवं प्रस्तुति को रुचिकर बताया। विज्ञान संकाय की डीन डॉ. प्राची नीमजे ने रसायन सप्ताह पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक और शोधार्थी उपस्थित थे।

रेल और बसों के माध्यम से पहुंचेंगे कार्यकर्ता, वरिष्ठ नेता भी होंगे शामिल

वोट बचाओ देश बचाओ महारैली में शामिल होने कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित महारैली में शामिल होने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता ट्रेन और बस के माध्यम से दिल्ली रवाना हुए। शहर के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में दुर्ग शहर से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली कूच के लिए शुक्रवार की सुबह से ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ता गोंडवाना एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस एवं छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस सहित विभिन्न ट्रेनों से दिल्ली के लिए रवाना हुए। इसके साथ ही एसी एवं स्लीपर बसों के माध्यम से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे। वहीं दुर्ग शहर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी कल विमान से दिल्ली पहुंचकर महारैली में शामिल होंगे। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि 1 नवंबर की दिल्ली महारैली देश के महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक मुद्दों को लेकर कांग्रेस की आवाज बुलंद करने का एक बड़ा अवसर है। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित है। दिल्ली में आयोजित इस महारैली में दुर्ग शहर के कांग्रेसजन पूरी एकजुटता के साथ अपनी भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने दिल्ली रवाना होने वाले सभी कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की सामूहिक भागीदारी ही किसी भी आंदोलन को व्यापक स्वरूप प्रदान करती है।

- 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित है महारैली



अनुशासन के साथ दिल्ली पहुंच रहे कार्यकर्ता

तीनों संगठन जिला दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण और भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी दिल्ली रवाना हो रहे हैं। कार्यकर्ता पूरी तैयारी और अनुशासन के साथ दिल्ली पहुंच रहे हैं तथा 1 नवंबर की महारैली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। ट्रेन से जाने वालों में पार्षद मनीष बघेल, प्रदेश सचिव अयूब खान, देवीश्री साहू, पार्षद दीपक साहू, पूर्व पार्षद ज्ञानदास बंजारे, ब्लॉक सचिव बिन्ना देशमुख, बिजेंद्र भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व पार्षद माहेश्वरी ठाकुर, बोरसी मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र वर्मा, सहित अन्य शामिल हैं। इसी प्रकार फ्लाइट से जाने वालों में ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रतिमा चंद्राकर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, प्रदेश महासचिव दीपक दुबे, प्रदेश सचिव संदीप वोरा, पूर्व अध्यक्ष आरएन वर्मा, अल्ताफ अहमद, शहर प्रभारी महामंत्री राय सिंह ढिकोला, जिला कांग्रेस प्रवक्ता नासिर खोखर, सुशील भारद्वाज सहित अन्य शामिल हैं।

भाजपा का लोकतंत्र बचाओ आंदोलन राजनीतिक दिखावा

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के महामंत्री राहुल शर्मा ने भाजपा केलोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ आंदोलन को राजनीतिक दिखावा और हास्यास्पद करार देते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों से केंद्र और लगभग एक वर्ष से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है। ऐसे में भाजपा का लोकतंत्र बचाने के नाम पर पदयात्रा और आंदोलन करना समझ से परे है। जो पार्टी स्वयं लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के आरोपों से घिरी है, वह आज लोकतंत्र की रक्षा का नारा दे रही है। यह आंदोलन जनता को गुमराह करने की कोशिश है। राहुल शर्मा ने सवाल उठाया कि आखिर भाजपा किस लोकतंत्र को बचाने की बात कर रही है? उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर कर्नाटक के आलंद में 6,018 मतदाताओं के नाम कथित तौर पर फर्जी तरीके से हटाए जाने के मामले, बिहार में एसआईआर के दौरान 65 लाख मतदाताओं के नाम हटने की आशंका तथा छत्तीसगढ़ में 2023 विधानसभा चुनाव के बाद 12 लाख से अधिक मतदाताओं के नामों में गड़बड़ी की शिकायतों का उल्लेख करते हुए कहा कि मतदाता सूची की शुचिता के नाम पर यदि मताधिकार प्रभावित होता है, तो यह लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

पूर्व सैनिकों के लिए सम्मानजनक वेतन सफारी ड्रेस और उपयुक्त पद की मांग

भिलाई। भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ने निजी सुरक्षा एजेंसियों में कार्यरत पूर्व सैनिकों को सम्मानजनक वेतन, योग्यता के अनुरूप पद और गरिमापूर्ण कार्य वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में जिला संयोजक एवं पूर्व सैनिक बी तुलसी राव के नेतृत्व में जिला प्रशासन से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कराने की पहल करने आग्रह किया गया। पूर्व सैनिकों की ओर से राव ने बुधवार को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर अभिजीत सिंह के नाम अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।



भारतीय सेना में 15 से 26 वर्षों तक देश की सेवा करने वाले पूर्व सैनिकों को सेवानिवृत्ति के बाद निजी सुरक्षा एजेंसियों में कई बार मात्र 12 से 15 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पर काम करना पड़ता है। ऐसे में उनकी योग्यता, अनुभव और पारिवारिक जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए 25 से 30 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन निर्धारित करने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए। प्रकोष्ठ ने निजी सुरक्षा एजेंसियों में पूर्व सैनिकों के लिए निर्धारित रंग की सफारी ड्रेस लागू करने, एजेंसी के अलग कैप एवं बेल्ट के उपयोग पर रोक लगाने की मांग भी रखी है। साथ ही सेना की वर्दी, रैंक, बैज एवं प्रतीक चिह्नों के अनधिकृत उपयोग को रोकने पर जोर दिया गया है।

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 30.3 डिग्री

न्यूनतम 19.6 डिग्री

02 दो महीने में दूसरी बार मौसम की मार, सब्जी ...



04 अर्नब का असर नहीं फिर भी सरकारी ...



भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर


न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

खबर संक्षेप

फसल के नुकसान पर टोल फ्री नंबर 14447 पर किसान करें शिकायत

दुर्ग। चक्रवात अर्नब के प्रभाव से जिले में हुई बारिश के बाद बीमित फसल में नुकसान होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मुआवजा देने का प्रावधान है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ 2026 के लिए जिले में अधिसूचित फसले धान



सिंचित एवं असिंचित, मक्का, सोयाबीन, तुअर (अरहर), मूंग, उड़द, मूंगफली, कोदो, कुटकी तथा रागी हैं। स्थानीय आपदा एवं फसल कटाई उपरांत खेत में सूखने रखी फसल में नुकसान होने पर अंतरिम राहत दिए जाने का प्रावधान है। किन्तु इस हेतु किसानों को 72 घंटे के भीतर इसकी सूचना देना अनिवार्य होगा। इसके लिए कृषक केंद्र सरकार के टोल-फ्री नंबर 14447 पर कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा व्हाट्सएप नंबर 7065514447 पर भी विवरण भेजा जा सकता है। किसान सीधे ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं। एवं गूगल प्ले स्टोर से क्रॉप इंश्योरेंस एप डाउनलोड करके किसान स्वयं अपनी फसल हानि का पूरा विवरण दर्ज कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, राजस्व विभाग, संबंधित बैंक या बीमा कंपनी को भी समय सीमा के भीतर सूचित कर सकते हैं।

लोहा चोरी जांच में तेजी की मांग

भिलाई। आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार समिति के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने बीएसपी में संयंत्र में सुरक्षा इंतजामों को मजबूत बनाने और संलिप्त ट्रांसपोर्टरों व माफिया लॉबी पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने जारी विज्ञप्ति में बताया कि संयंत्र परिसर से स्क्रैप की चोरी एक बार फिर बड़े पैमाने पर शुरू हो गई। कुप्रबंधन के चलते माफियाओं के हौसले बुलंद हुए और सुरक्षा निगरानी में भारी गिरावट आई। लोहा चोरी की सीबीआई जांच में तेजी और दोषियों पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाए।

जेपी नड्डा की हुंकार

दुर्ग में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की सभा

विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने लगा रहा बेबुनियाद आरोप, लोकतांत्रिक छवि को कर रहा धूमिल



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और दुष्प्रचार के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के अंतर्गत दुर्ग में विशाल आमसभा और पदयात्रा का आयोजन किया गया। महेश कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर प्रांगण में हुई आमसभा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विशेष रूप से शामिल हुए। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि भारत प्रजातंत्र की जननी और विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। देश की चुनावी प्रक्रिया की पूरी दुनिया में सराहना होती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर निराधार सवाल उठाकर लोकतंत्र की छवि खराब करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जब चुनाव जीतते हैं, तब उन्हें चुनावी प्रक्रिया पर कोई आपत्ति नहीं होती, लेकिन हारने पर ईवीएम और चुनाव व्यवस्था को दोष देने लगते हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस की इस राजनीति को जनता को समझने की आवश्यकता है। नड्डा ने कांग्रेस को प्रजातंत्र विरोधी बताते हुए आपातकाल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में आपातकाल के दौरान करीब 1 लाख 30 हजार लोगों को जेल में डालकर लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया गया था। इस अवसर पर मंत्री केदार कश्यप, श्याम बिहारी जायसवाल, गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, संभाग प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, नंदन जैन, सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, जितेंद्र वर्मा, विधायक ललित चंद्राकर, रिकेश सेन, ईश्वर साहू, छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय, महापौर अलका बाघमार आदि मौजूद थे।





भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र, बदनाम कर रही कांग्रेसः सीएम विष्णुदेव साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह हम सभी के लिए सौभाग्य का विषय है कि केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में भाजपा ने अनेक चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए छत्तीसगढ़ में भी दो बार भाजपा की सरकार बनी। आज कांग्रेस सहित विपक्षी दलों द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था को अस्थिर करने और देश की युवा पीढ़ी को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की पूरी दुनिया में सराहना होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अत्यंत आवश्यक है। विपक्ष द्वारा इस प्रक्रिया को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि भाजपा जनजागरण के माध्यम से जनता के सामने वास्तविक तथ्यों को रख रही है।

आमसभा के बाद निकली पदयात्रा का जगह-जगह स्वागत

आमसभा में कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिक भी शामिल हुए। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा निकाली, जिसमें केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, सीएम विष्णुदेव साय, मंत्री गजेंद्र यादव, प्रदेश प्रभारी पाणिग्राही सहित अन्य रथ में नजर आए। उन्होंने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। जगह-जगह सामाजिक संगठनों ने उनका स्वागत किया। गंजपारा चौक से जेपी नड्डा और सीएम साय सड़क मार्ग से एसएफ बटालियन स्थित हेलीपैड के लिए रवाना हो गए।



मैरिज ब्यूरो का झांसा देकर म्यूल खाता चलाने वाला पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

फर्जी मैरिज ब्यूरो बनाकर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी शोभराज अग्रवाल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उत्तर गंगोत्री भवन में यूनियन बैंक के पास हॉल में एलिट मैच मैट्रिमोनी के नाम से मैरिज ब्यूरो संचालित किया जा रहा था। यहां कॉल सेंटर के माध्यम से फर्जी सिम कार्ड, म्यूल बैंक खातों का उपयोग कर साइबर ठगी की जा रही थी। सुपेला पुलिस मौके पर पहुंची जहां से मैरिज ब्यूरो संचालक ग्राम ओटेबंद नंदनी अहिवारा



जो वर्तमान में नेहरु नगर ईस्ट निवासी परमानंद यादव समेत चार युवतियां मौके से मिली। परिसर की तलाशी लेने पर पुलिस को कंप्यूटर, इंटरनेट वाई-फाई, विभिन्न की-पैड, एंड्रॉयड मोबाइल फोन, सिम कार्ड, बैंक खातों की चेकबुक, भुगतान के लिए उपयोग किए जाने वाले क्यू कोड, मैरिज ब्यूरो के प्रचार से जुड़े फ्लेक्स और ग्राहकों के मोबाइल नंबर, भुगतान का रजिस्टर भी बरामद हुआ। पुलिस ने जब युवतियों से पूछताछ करने पर पता चला कि अच्छी कंपनी में नौकरी देने का झांसा देकर उन्हें बुलाया गया। इसके एवज में प्रतिमाह 7 हजार वेतन देने का आश्वासन देकर दो दिन का ट्रेनिंग दिया जाता था। उन्हें मैरिज काउंसलर के रूप में ग्राहकों से बातचीत करने और क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने का कार्य सौंपा गया था। आरोपी परमानंद यादव ने पुलिस को बताया कि वह फ्यूचर पार्टनर, कल्याण मैट्रिमोनी, एलिट मैच मैट्रिमोनी के नाम से फेसबुक, इंस्टाग्राम पर के माध्यम से तैयार काल्पनिक युवतियों की फोटो, फर्जी मोबाइल नंबर का उपयोग कर विवाह से जुड़ा प्रचार करता था। इसके अलावा राज्यों के विवाह इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर फोन पर बातचीत करते थे और अपना बायोडाटा भेजते थे। परमानंद द्वारा पसंद की युवती से विवाह कराने का झांसा देकर मैरिज काउंसलर के नाम से बनाए गए बैंक खातों के क्यूआर कोड के माध्यम से शुरुआत में 2,000 और अन्य राशि जमा कराई जाती थी। राशि मिलने के बाद जुड़े व्यक्तियों के मोबाइल नंबर ब्लैक लिस्ट कर उनसे संपर्क बंद कर देता था। आरोपी पिछले लगभग तीन माह से इस कारोबार को संचालित कर रहा था। पुलिस ने दस्तावेजों, फर्जी मैरिज ब्यूरो का झांसा में दिगर राज्यों के लोगों के साथ साइबर ठगी करना पाया गया। परमानंद यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

अर्नब तूफान के बचे हुए हिस्से में बना लो प्रेशर, अब भी हल्की बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

तीन दिन बाद मौसम खुला, ट्विनसिटी के लोगों ने ली राहत

तीन लगातार बदली और बारिश के बाद शुक्रवार को मौसम खुला। सुबह हल्की बारिश होती रही लेकिन उसके बाद आसमान पर छाए बादल छंटने लगे। दोपहर तक बादल पूरी तरह साफ हो गए लेकिन धूप कुछ देर के लिए खिली रही। मौसम के इस बदलाव से ट्विनसिटी के लोगों को काफी राहत मिली। बारिश की वजह से लोग अपने घरों में दुबके थे। बाजारों में फिर से रौनक नजर आई। वहीं चक्रवाती तूफान अर्नब का कुछ हिस्सा बचा हुआ है जो एक निम्न दाब का क्षेत्र (जो बहुत भीषण चक्रवाती तूफान अर्नब का बचा हुआ हिस्सा है), उत्तर छत्तीसगढ़ और उससे लगा पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर एक 'लो प्रेशर एरिया' के रूप में स्थित है । इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 4.5 किमी की ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से शनिवार को कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।



तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ेगा अधिकतम तापमान

मौसम खुलने के बाद अब अधिकतम तापमान भी बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जो सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों में अधिकतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी की संभावना जताई है। वहीं न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है ।

इस तरह चल रहा सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिणी अंडमान सागर और आसपास के क्षेत्रों स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किमी की ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और 31 अक्टूबर के आसपास दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और अंडमान सागर के निकटवर्ती क्षेत्रों में एक 'डिप्रेशन' (अवदाब) में तब्दील होने की प्रबल संभावना है। इसके बाद, अगले 2 दिनों के दौरान इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर आंध्र प्रदेश तट की तरफ बढ़ने की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ, चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तरी पंजाब और आसपास के क्षेत्रों में 4.5 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। 31 अक्तूबर को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है ।

लेखा, राजस्व, समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग में बदली जिम्मेदारी

भिलाई निगम में प्रशासनिक सर्जरी, 35 कर्मचारी इधर से उधर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई नगर निगम में कार्यालयीन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए निगम आयुक्त सुरूचि सिंह ने प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। निगम प्रशासन ने पूर्व में जारी आदेशों में आंशिक संशोधन करते हुए 35 कर्मचारियों का स्थानांतरण कर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है। इस संबंध में निगम कार्यालय से 30 अक्टूबर को आदेश जारी किया गया है। स्थानांतरण आदेश में मुख्य कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के साथ जोन कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों को भी इधर से उधर किया गया है।

इस तरह प्रशासनिक फेरबदल

जारी आदेश के अनुसार सहायक अधीक्षक नसरूननिशा को लेखा शाखा से समाज कल्याण एवं गरीबी उपशमन विभाग में पदस्थ किया गया है। डाटा एंट्री ऑपरेटर ओंकार प्रसाद यादव को विधि विभाग से जोन क्रमांक 1 के राजस्व विभाग में भेजा गया है। वहीं ममता गढ़पल्लीवार को जोन क्रमांक 3 से जोन क्रमांक 5 में पदस्थ किया गया है। राजकुमार सच्चर को भविष्य निधि शाखा में अधिकारी सहायक नोडल की जिम्मेदारी दी गई है। नरेंद्र कुमार रामटेके को जोन क्रमांक 3/पीएमएवाई से सामान्य प्रशासन विभाग में स्थानांतरित किया गया है। डी. रवि को जलकर विभाग से जोन क्रमांक 5 भेजा गया है। एस. कुलदीप रोशन को जोन क्रमांक 3 से भविष्य निधि शाखा तथा कौशिल्या सोनी को भविष्य निधि शाखा से भवन अनुज्ञा शाखा में पदस्थ किया गया है। तुलसिया बघेल को रिकॉर्ड रूम से अपर आयुक्त कक्ष के आवक-जावक कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। सहायक राजस्व निरीक्षक राहुल राजपूत को जोन क्रमांक 3 से जोन क्रमांक 1 के राजस्व विभाग तथा निशांत मानिक को परियोजना शाखा से जोन क्रमांक 5 के लोककर्म विभाग में भेजा गया है।

स्वच्छता पर्यवेक्षक भी बदले

स्वच्छता पर्यवेक्षक विवेक साहू और बोधन सिंह साहू की पदस्थापना में भी बदलाव किया गया है। वाहन चालक अकबर अली, प्रभारी लिपिक माधुरी कश्यप, तोरन कुमार साहू और राहुल कुमार यदु सहित अन्य कर्मचारियों को भी नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। ए. प्रेम कुमार और अनिसुल फातमा की पदस्थापना में भी बदलाव किया गया है। सफाई कामगार रमा बाई को जनस्वास्थ्य विभाग मुख्य कार्यालय से जोन क्रमांक 1 में पदस्थ किया गया है।

योजना विभाग में भी बदलाव

प्रभारी लिपिक थलेश्वर जोशी को योजना विभाग से जोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में पदस्थ किया गया है। सौरभ वर्मा को लेखा शाखा से जलकर विभाग मुख्य कार्यालय भेजा गया है। काजल अमित सुखदेवे को सामान्य प्रशासन विभाग से जोन क्रमांक 4 के लोककर्म विभाग में स्थानांतरित किया गया है। चुरावन साहू को वाहन शाखा में ही लिपिकीय कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। जितेंद्र जगबंधु को अपर आयुक्त कक्ष से अधीक्षण अभियंता कक्ष में पदस्थ किया गया है। मृत्य अनिता सिंह को अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग से जनसूचना विभाग में भेजा गया है। वहीं युवराज साहू को जोन क्रमांक 3 में पदस्थ रखते हुए अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के साथ जनसूचना विभाग का अतिरिक्त कार्य सौंपा गया है।

सिटी बस विभाग की जिम्मेदारी नरेंद्र यादव को

आदेश के मुताबिक समयपाल रामजी सिंह को सामान्य प्रशासन विभाग से जोन क्रमांक 4 भेजा गया है। मृत्य राजेश भारती को सचिवालय से योजना शाखा में पदस्थ किया गया है। नरेंद्र यादव को सिटी बस विभाग से जोन क्रमांक 1 तथा गोपीप्रसाद पाण्डेय को भवन संधारण से जोन क्रमांक 1 भेजा गया है। वहीं गजेंद्र कुमार को जोन क्रमांक 1 से भवन संधारण विभाग में पदस्थ किया गया है। फिल्ड वर्कर मनाराम देवांगन को जोन क्रमांक 5 में पदस्थ किया गया है। सफाई कामगार नीलू बाई और लखनलाल की पदस्थापना में भी बदलाव किया गया है। लखनलाल को सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ किया गया है।

जुआ खेल रहे छह जुआरी पकड़े गए

भिलाई। जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बोरसी भाठा रेल्वे लाईन के पास गली में स्ट्रीट लाईट के जुआ खेलने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने दबिश देकर बोरसी भाठा दुर्ग निवासी राकी बघेल,लाल चंद देवदास, अमित यादव,टेकेश साहू, रामजी ठाकुर, ग्राम भाठागांव लालबाग राजनांदगांव रवि मंडावी को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने ढ़ाई हजार रुपए नगद और ताश पत्ती जब्त किया गया। पुलिस ने सभी को जमानत पर रिहा किया है। दीवाली के आते ही जुआ का फड पाश कालोनियों में बैठना शुरु हो गया है। इसके लिए फड़ बैठाने वाले बकायदा जुआरियों को लोन भी दे रहें है।

निर्वाचन प्रेक्षक बनाई गईं इंदिरा देवहारी, केन्द्रों का किया निरीक्षण

नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाच आयोग द्वारा धमतरी की अपर कलेक्टर इंदिरा देवहारी को दुर्ग जिले के नगरीय निकाय आम एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन-2026 के निर्वाचक नामावली तैयार, पुनरीक्षण कार्य के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक नियुक्त होने के उपरांत प्रेक्षक इंदिरा देवहारी का दुर्ग आगमन हुआ। उन्होंने दुर्ग के अंतर्गत नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों में चल रहे निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिल्ली थॉमस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान नगर निगम रिसाली के वार्ड 1 तालपुरी के मतदान केन्द्र में तथा नगर निगम भिलाई के वार्ड 64-65 सेक्टर-10 के मतदान केन्द्र में उपस्थित प्राधिकृत अधिकारियों के द्वारा प्राप्त किये जा रहे दावा आपत्ति के आवेदन पत्रों का अवलोकन किया। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अधिकारियों ने बताया कि प्रेक्षक इंदिरा देवहारी से निर्वाचक नामावली के संबंध में लोक निर्माण विभाग के सर्किट हाउस के कक्ष क्रमांक 8 में कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। उनका मोबाईल नंबर 62668-00039 भी सार्वजनिक किया गया है।

खबर संक्षेप

सुनीता रानी महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

भिलाई। सुनीता रानी अग्रवाल को जन मानस कल्याण संस्थान



महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष राज पंजवानी के निर्देश पर की गई है। आदेश में कहा गया है कि उम्मीद की जाती है सुनीता रानी संस्था के उद्देश्यों के प्रति निष्ठावान रहकर बेहतर परिणाम देने में सहयोग करेंगी।

दिल्ली महारैली में शामिल होने समर्थकों संग सिन्हा रवाना

अण्डा। राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस पार्टी की 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली में



अपनी सहभागिता दर्ज कराने के लिए सरपंच दिग्विजय सिन्हा अपने सहयोगियों के दल के साथ दिल्ली के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। पूर्व सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में आहूत इस व्यापक रैली में देश के कोने-कोने से विशाल संख्या में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का जमावड़ा हो रहा है। प्रस्थान के अवसर पर सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने कहा कि देश में लोकतंत्र की मजबूती, संविधान के प्रति निष्ठा और प्रत्येक नागरिक के मौलिक मताधिकार की सुरक्षा के लिए आवाज बुलंद करना समय की मुख्य आवश्यकता है।

भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए नड्डा की रैली में



सेलूद। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के दुर्ग आगमन के अवसर पर आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ एवं अराजकता हटाओ' महासम्मेलन में शक्ति केंद्र घुघुवा (पाटन) के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई। पाटन मंडल के उपाध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रभारी हरि प्रसाद आडिल की अगुवाई में कार्यकर्ताओं का एक विशाल समूह दुर्ग स्थित सभा स्थल पहुँचा और उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

निधन

मेहतरू निर्मलकर

भिलाई। जवाहर लाल नेहरू



चिकित्सालय सेक्टर-9 से सेवानिवृत्त कर्मी व कैम्प-2 गांधी चौक निवासी मेहतरू राम निर्मलकर (80) का 30 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे रामबाई निर्मलकर के पति, विश्वनाथ निर्मलकर के पिता और त्रिलोकी निर्मलकर के दादा थे।

पिर्थिपाल सिंह

दुर्ग। बामराह विला, मधुवन नगर,



सड़क 4 निवासी सरदार पिर्थिपाल सिंह का निधन 30 अक्टूबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम भिलाई के लिए निकाली जाएगी।

!! न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग !!

-:: ईश्तहार ::-

रा०प्र०क्र० अ-6 वर्ष 2025-26
रा.प्र.क्र. 202610101000105

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक एकता डोगरा पिता कुलदीप सिंह डोगरा निवासी सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका, प०ह०नं0 45 में स्थित भूमि खसरा नं0 5570 रकबा 0.020हे० भूमि जो कि ब्यास देवी पति हरीराम के नाम पर भूमिस्वामी के रूप में दर्ज है, उक्त आवेदित भूमि के भूमिस्वामी की मृत्यु होने से मृतक भूमिस्वामी के द्वारा मृत्यु पूर्व अपने जीवनकाल में आवेदक के नाम पर पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया था, भूमिस्वामी की मृत्यु होने पर आवेदित भूमि को पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 16.11.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22.10.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

स्वास्थ्य मेले का आयोजन, ग्रामीणों ने उठाया जांच और उपचार सुविधाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तत्वावधान में विभिन्न गंभीर बीमारियों की हुई निःशुल्क स्क्रीनिंग



ग्राम पंचायत जमराव में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र खुड़मुड़ा) के तत्वावधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक करना था।

शिविर में ग्रामीणों के लिए रक्तचाप (बीपी), मधुमेह (शुगर), मुख कैंसर (ओरल कैंसर), स्तन कैंसर (ब्रेस्ट कैंसर) तथा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) की निःशुल्क जांच व स्क्रीनिंग की गई। इसके अतिरिक्त टीबी की जांच और छाती का एक्स-रे भी किया गया। गर्भवती माताओं व शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श दिया।

इस मेले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जे.आर. मारकंडे (पर्यवेक्षक), भूपेंद्र कुमार साहू (एक्स-रे तकनीशियन), वीरेंद्र सिंह (ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी), चितरंजन सोनकर, नरेंद्र वर्मा, पुरन दीवान, जगदीश साहू, ललिता मानिकपुरी (ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी) तथा देवकी देवांगन (सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी) ने अपनी सेवाएं दीं। मितानिन संगीता नन्हारे, उमा निषाद और पार्वती निषाद ने भी आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जमराव की सरपंच श्रीमती जागेश्वरी भेष कुमार सोनकर, पंचायत सचिव विष्णु प्रसाद बंजारे तथा पंचायत के पंचगण उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मेले के माध्यम से ग्रामीणों को नियमित जांच कराने और गंभीर बीमारियों के शुरुआती लक्षणों को पहचानकर समय पर इलाज कराने के प्रति प्रेरित किया गया।

पड़ोसी जिलों में नियमित समय पर खुले स्कूल

अर्नब का असर नहीं फिर भी सरकारी आदेश के चलते बंद रहे स्कूल, किसानों की परेशानी बढ़ी

एक साथ दो दिनों के अवकाश आदेश से अध्ययन कार्य प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का प्रभाव पूरी तरह समाप्त होने और चमकीली धूप खिलने के बावजूद, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग के आदेश के अनुपालन में 30 अक्टूबर शुक्रवार को दुर्ग जिले के समस्त विद्यालय बंद रहे। दूसरी ओर, पड़ोसी जिले बालोद और बेमेतरा में शुक्रवार को शिक्षण संस्थान सामान्य दिनों की भांति संचालित हुए। विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों ने स्पष्ट किया कि शिक्षा प्रशासन द्वारा जारी अवकाश की अवधि 30 अक्टूबर तक ही निर्धारित थी। शनिवार, 31 अक्टूबर से सभी स्कूल अपने पूर्व निर्धारित समय पर नियमित रूप से संचालित होंगे। संस्था प्रमुखों ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे बच्चों को अनिवार्य रूप से विद्यालय भेजें ताकि पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण हो सके और शैक्षणिक परिणाम उत्कृष्ट आ सके। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजस) जामगांव आर की प्राचार्या कविता साहू ने बताया कि आदेश के अनुसार यद्यपि विद्यार्थियों के लिए अवकाश है, परंतु शिक्षक एवं कर्मचारी जिला मुख्यालय के विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में संलग्न हैं।

चक्रवात अर्नब से एहतियातन सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु दुर्ग जिला शिक्षा प्रशासन ने सर्वप्रथम 28 अक्टूबर को अवकाश घोषित किया था। इसके पश्चात पुनः आदेश जारी कर 29 और 30 अक्टूबर (दो दिन) का अतिरिक्त अवकाश घोषित कर दिया गया। इसके विपरीत बेमेतरा और बालोद जिला शिक्षा प्रशासन ने स्थिति की समीक्षा करते हुए केवल एक-एक दिन का अवकाश चरणबद्ध तरीके से दिया, जिसके कारण वहां 28 एवं 29 अक्टूबर को ही विद्यालय बंद रहे और 30 अक्टूबर को पठन-पाठन सामान्य रूप से प्रारंभ हो गया। दुर्ग जिले में मौसम साफ होने के उपरांत भी स्कूल बंद रहने से पाठ्यक्रम पूर्ण कराने की चिंता से ग्रस्त शिक्षक लाचार दिखे। इस विषय पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ढलेंद्र कुमार देवांगन ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य है, अतः जारी आदेशानुसार 30 अक्टूबर शुक्रवार को दुर्ग जिले के सभी विद्यालयों में अवकाश रखा गया।

चक्रवाती तूफान से कृषि फसलों को भारी क्षति, क्षतिपूर्ति की मांग

उतई। हाल ही में आए चक्रवाती तूफान और बेमौसम वर्षा के कारण क्षेत्र के कृषकों की पकी फसलों को व्यापक क्षति पहुँची है। खेतों में खड़ी फसलें तीव्र हवाओं और जलजमाव के कारण धराशायी हो गई हैं, जिससे अन्नदाता गहरे आर्थिक संकट में फंस गए हैं। इस गंभीर स्थिति का संज्ञान लेते हुए ग्राम पंचायत सेलुद के सरपंच खिलेश मारकंडे ने शासन एवं प्रशासन से प्रभावित कृषकों को तत्काल राहत तथा समुचित आर्थिक मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। सरपंच खिलेश मारकंडे ने प्रभावित किसानों से चर्चा करने के पश्चात कहा कि कृषकों ने हाड़-तोड़ मेहनत और भारी लागत लगाकर फसल तैयार की थी, किंतु इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। खेतों में पानी भर जाने से कटी व खड़ी फसलों के सड़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है, जिससे किसानों पर कर्ज चुकाने और जीवन-यापन का संकट गहरा गया है। किसानों के हित में बात करते हुए सरपंच मारकंडे ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि राजस्व एवं कृषि विभाग का संयुक्त दल गठित कर तत्काल प्रभावित खेतों का स्थल निरीक्षण किया जाए और नुकसान का निष्पक्ष आकलन किया जाए। आपदा राहत कोष के अंतर्गत प्रभावित कृषकों को प्रति एकड़ के मान से यथाशीघ्र उचित वित्तीय सहायता राशि प्रदान की जाए तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत दावा प्रक्रिया को सरल व त्वरित बनाकर सीधे कृषकों के बैंक खातों में राशि स्थानांतरित की जाए। इसके साथ ही इस विपदा की घड़ी में किसानों पर बैंक ऋण की वसूली को फिलहाल स्थगित किया जाए तथा आगामी फसल हेतु उन्हें रियायती दरों पर उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराए जाएं। सरपंच मारकंडे ने स्पष्ट किया कि यदि कृषकों को समय पर उचित मुआवजा और सहायता नहीं मिली, तो पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि किसानों के अधिकारों की रक्षा हेतु उच्च अधिकारियों के समक्ष निर्णायक कदम उठाएंगे। क्षेत्र के कृषकों ने भी सरपंच की इस न्यायोचित मांग का समर्थन करते हुए शासन से राहत की गुहार लगाई है।





जिला स्तरीय सब-जूनियर बालिका कबड्डी चयन कल उतई में

अंडा। 26वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालिका कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन 21 नवंबर से 23 नवंबर 2026 तक बालोद में निर्धारित किया गया है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दुर्ग जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली बालिका टीम के चयन हेतु जिला स्तरीय परीक्षण (ट्रायल) स्पर्धा 1 नवंबर 2026, दिन रविवार को महाविद्यालय क्रीड़ांगन उतई में आयोजित की जाएगी। जिला कबड्डी संघ दुर्ग के सचिव पीलू पारकर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस चयन स्पर्धा में दुर्ग, पाटन एवं धमधा विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों तथा दुर्ग नगर की बालिका खिलाड़ी भाग ले सकती हैं।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की आयु 16 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, अर्थात उनकी जन्म तिथि 30 दिसंबर 2010 या उसके पश्चात की होनी अनिवार्य है, तथा उनका अधिकतम वजन 55 किलोग्राम तक ही स्वीकृत किया जाएगा। प्रति टीम पंजीयन शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है। आवश्यक दस्तावेजों के अंतर्गत डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र अथवा 10वीं कक्षा की अंकसूची अनिवार्य होगी। इसके साथ ही अद्यतन (अपडेटेड) आधार कार्ड संलग्न करना आवश्यक है, जिसमें स्वयं का नाम, पिता का नाम और जन्म तिथि अंकसूची या जन्म प्रमाण पत्र के पूर्णतः समान होना चाहिए। सभी खिलाड़ियों को दो पासपोर्ट आकार के फोटो तथा आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र व अंकसूची की मूल प्रति के साथ दो-दो छायाप्रतियां (फोटोकॉपी) लेकर प्रातः 10:00 बजे खेल मैदान में उपस्थित होना अनिवार्य है।

बिजनेस साइट

ओम ज्वेलर्स में ढेर सारे उपहार, जितने ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री



भिलाई। दिवाली में ओम ज्वेलर्स अपने कस्टमर के लिए ढेर सारे उपहार लेकर आए हैं, जिसमे कस्टमर को जितने ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री दिया जाएगा। 50% मेकिंग चार्ज ऑफ, हर 10 हजार की खरीदी पर एक चांदी की मूर्ति फ्री एवं एक लाख के ऊपर खरीदी पर इंपोर्टेड बैग, इंपोर्टेड वॉच एवं चांदी की मूर्ति फ्री तत्काल प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा भारत सरकार के सभी मापदंड के अनुरूप सभी जेवर में हॉलमार्क का निशान एवं 6 अंकों का कोड हर सोने के जेवर पर आपको मिलेंगे। वहीं आपको बीएसआई गवर्नमेंट द्वारा तुरंत सर्च कर जेवरों की शुद्धता आप अपने मोबाइल में देख सकते हैं। हमारे शॉप में 22 कैरेट, 20 कैरेट एवं 18 कैरेट के बेहतरीन कलेक्शन एक से बढ़कर एक डिजाइन उपलब्ध है जिसमें सोने की झुमकी, नेकलेस, कंगन, हार, चोकर, रानी हार, बढ़िया-बढ़िया फैंसी मंगलसूत्र व लॉकेट एवं नथ, फुल्ली की काफी अच्छी वैरायटी आपको देखने मिलेगी। दिवाली को देखते हुए अनटच फ्रेश न्यू कलेक्शन की पूरी वैरायटी उपलब्ध है। वहीं आपको चांदी में करधन, पायल, हाफ करधन, राजकोट पायल, सैलम पायल, कोल्हापुरी पायल, आगरा पायल, इंपोर्टेड चैन, वॉच रिंग, ब्रेसलेट, चांदी की मूर्ति, ग्लास, थाली, कटोरी, चम्मच की हजारों वैरायटी देखने को मिलेगी। शहर के हृदय स्थल में स्थित ओम ज्वेलर्स इंदिरा मार्केट शॉप नंबर 64बी, प्रिया सिंगर सदन के सामने अपने भव्य शोरूम के नाम से चिर परिचित है। रेट एंड व्हाइट कलर होने की वजह से ग्राहकों की पहचान बनी है। वहीं शहर की सबसे पुरानी शॉप प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वेलर्स इंदिरा मार्केट दुर्ग में अवश्य पधारे।

प्रिया ज्वेलर्स में खरीदारी पर हर रविवार जीतें 21 हजार तक के ईनाम



भिलाई। त्योहारी सीजन में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए चूड़ी लाइन, सुपेला स्थित प्रिया ज्वेलर्स की ओर से विशेष ऑफर पेश किया गया है। इसके तहत ज्वेलरी की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को प्रत्येक रविवार को लॉटरी सिस्टम के माध्यम से भाग्यशाली विजेता बनने का अवसर मिलेगा। योजना के अंतर्गत विजेता को अधिकतम 21 हजार रुपए तक के बिल का लाभ दिया जाएगा। प्रतिष्ठान की ओर से इस ऑफर के जरिए ग्राहकों को खरीदारी के साथ विशेष लाभ पाने का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रिया ज्वेलर्स में सोने-चांदी के आभूषणों के साथ हॉलमार्क ज्वेलरी भी उपलब्ध है। यहां 22 कैरेट (916), 20 कैरेट (833), 18 कैरेट (750) और 9 कैरेट (375) श्रेणी के आभूषणों के विकल्प मिलते हैं। इसके अलावा ग्राहकों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए प्रतिष्ठान में उचित ब्याज दर पर गोल्ड लोन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रिया ज्वेलर्स के संचालक राजकुमार सोनी ने बताया कि योजना का लाभ नियम एवं शर्तों के अनुसार लिया जा सकता है।

25 की उम्र में किडनी ने दिया जवाब, ट्रांसप्लांट से नई जिंदगी की आस

भिलाई। किडनी की बीमारी अब सिर्फ बढ़ती उम्र की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। जांजगीर-चांपा निवासी 25 वर्षीय युवक का हाल ही में आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल दुर्ग में किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। कम उम्र में किडनी का गंभीर रूप से खराब होना चिंता का विषय है, वहीं ट्रांसप्लांट ने युवक के बेहतर भविष्य की नई उम्मीद जगाई है। किडनी खराब होने के पीछे जन्मजात या आनुवंशिक बीमारियां, किडनी में सूजन, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसे कई कारण हो सकते हैं। कई बार शुरुआती चरण में बीमारी के लक्षण स्पष्ट नहीं होते और मरीज को इसकी जानकारी देर से मिलती है। जब किडनी स्थायी रूप से काम करना बंद कर देती है, तब मरीज की स्थिति के अनुसार डायलिसिस या किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ सकती है। उपयुक्त मरीजों के लिए ट्रांसप्लांट बेहतर जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण विकल्प बन सकता है। इस ट्रांसप्लांट से जुड़ी टीम में डॉ. नवीन राम दारुका किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन और डॉ. आरके साहू किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन शामिल रहे। ट्रांसप्लांट के बाद नियमित जांच, निर्धारित दवाओं का सेवन और डॉक्टरों की सलाह का पालन करना बेहद जरूरी होता है। युवाओं को भी किडनी की सेहत के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। पैरों या चेहरे पर सूजन, पेशाब में बदलाव और असामान्य थकान जैसे लक्षण दिखने पर डॉक्टर से सलाह लें। डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या परिवार में किडनी रोग का इतिहास होने पर समय-समय पर जांच कराएं।



औंधी में मनाया जाएगा 26वां राज्योत्सव, होगा मड़ई मेला भी

सेलूद। ग्राम औंधी (भिलाई-3) में इस वर्ष भी 'छत्तीसगढ़ राज्योत्सव स्थापना दिवस' एवं पारंपरिक 'मड़ई मेला' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। बहुउद्देशीय आयोजन समिति, ग्राम पंचायत औंधी एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह का यह लगातार 26वां वर्ष है।

आयोजन समिति के संरक्षक रविशंकर वर्मा एवं अध्यक्ष गजाधर प्रसाद वर्मा ने बताया कि 1 नवंबर दिन रविवार को सुबह 10:00 बजे भव्य कलश यात्रा एवं ग्राम भ्रमण के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके बाद मध्याह्न 12:00 बजे ग्राम के समस्त देवी-देवताओं का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। अपराह्न 02:00 बजे से महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। सायं 06:00 बजे स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग रिकॉर्डिंग डांस प्रस्तुत किया जाएगा। तत्पश्चात रात्रि 08:00 बजे मंचासीन अतिथियों का आगमन, उद्बोधन, पुरस्कार वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न होगा। रात्रि 10:00 बजे से छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध नाचा मंडली 'नव किरण लोक कला नाचा भण्डारपुर' (डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव) द्वारा सांस्कृतिक नाचा-गम्मत की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधायक भूपेश बघेल होंगे। कार्यक्रम में समाजसेवी चैतन्य बघेल विशेष रूप से सम्मिलित होंगे तथा अध्यक्षता पूर्व विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) व पाटन विधानसभा प्रभारी आशीष वर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला पंचायत सदस्य दुर्ग देवेंद्र चंद्रवंशी, पाटन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन साहू, छाया जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सुश्री संतोषी तिवारी, ग्राम पंचायत औंधी के सरपंच परदेशी राम देशलहरे एवं उपसरपंच दीपक चंद्राकर उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति एवं ग्राम पंचायत ने क्षेत्र के सभी नागरिकों, प्रबुद्धजनों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

श्रीमद्भागवत महापुराण में ध्रुव चरित्र और परीक्षित जन्म कथा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ भिलाई तीन में चल रहा कथा में शामिल हुए पूर्व सीएम बघेल

श्री जय जगन्नाथ सेवा समिति एवं नगरवासियों के तत्वावधान में मंगल भवन के सामने आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को कथावाचक पंडित युवराज पांडेय ने ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र और परीक्षित जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने प्रसंगों के माध्यम से भक्ति, वैराग्य और अच्छे संस्कारों का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि ज्ञानी सदैव विनम्र होता है। पंडित युवराज पांडेय ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि बालक ध्रुव ने अपमान और उपेक्षा के बाद भी निराश होने के बजाय दृढ़ संकल्प और अटूट भक्ति से भगवान की आराधना की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें दर्शन दिए। यह प्रसंग सिखाता है कि सच्ची श्रद्धा, धैर्य और संकल्प से लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। भरत चरित्र के माध्यम से उन्होंने जीवन में वैराग्य और साधना का महत्व बताया। परीक्षित जन्म की कथा सुनाते हुए भगवान की कृपा और भक्तों की रक्षा का प्रसंग रखा। ज्ञान का परिचय नम्रता है। व्यक्ति के पास जितना अधिक ज्ञान होगा, उसका व्यवहार उतना ही विनम्र होगा। ज्ञान बढ़ने के साथ अहंकार नहीं, बल्कि सहजता और दूसरों के प्रति सम्मान का भाव आना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसा अन्न होगा, वैसा ही मन बनेगा। इसलिए भोजन हमेशा सोच-समझकर और उचित स्थान पर करना चाहिए। भोजन बनाने और खिलाने वाले के मन में भी अच्छे भाव होने चाहिए, क्योंकि इसका प्रभाव व्यक्ति के विचारों और संस्कारों पर पड़ता है। आयोजन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी कथा का श्रवण करने पहुंचे। उन्होंने व्यासपीठ की पूजा अर्चना भी की। इस दौरान समिति के पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।कथा के आगामी प्रसंगों में 31 अक्टूबर को अजामिल उपाख्यान और भक्त प्रह्लाद की कथा, एक नवंबर को समुद्र मंथन, सूर्यवंश और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, दो नवंबर को बालकृष्ण की लीलाएं और दही लूट, तीन नवंबर को श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह एवं महारास का वर्णन होगा। चार नवंबर को चढ़ौत्री, तुलसी वर्षा, गीता दान और हवन-पूजन के साथ कथा का समापन होगा।



हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

लाइव इवेंट

रंगोली के माध्यम से गांव का बनाया सामाजिक एवं संसाधन मानचित्र



दुर्ग। छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा के बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत कोड़िया में ग्रामीण सहभागी मूल्यांकन गतिविधि किसान भाइयों के साथ मिलकर आयोजित की। यह कार्यक्रम रावे प्रभारी विवेक पांडेय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से गांव का सामाजिक मानचित्र एवं संसाधन मानचित्र तैयार किया गया। इसके माध्यम से गाँव की सामाजिक संरचना, प्रमुख स्थानों एवं उपलब्ध संसाधनों को रंगोली के माध्यम से स्टेज पर दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने गांव के किसानों से समूह संवाद कर उनकी समस्याओं, कृषि संबंधी चुनौतियों एवं आवश्यकताओं के साथ किसानों के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे फसल बीमा योजना ,किसान सम्मान निधि के बारे में चर्चा की, जिसमें किसानों ने लाभान्वित होने की बात स्वीकार की। इस कार्यक्रम में किसान लक्ष्मण पटेल, श्यामलाल निषाद, व्यास नारायण साहू, मोतीराम साहू, लखन निषाद, नेमिन बाई साहू, खिलावन साहू, चंद्रकुमार चंद्राकर, पुरुषोत्तम साहू, खेललाल साहू, दल सिंह निषाद, जगत निषाद, रोहित साहू, रामेश्वर चंद्राकर, लटखोर राम निषाद, आशीष चंद्राकर एवं रेखराज चंद्राकर सहित गाँव के अन्य किसान उपस्थित रहे। उपस्थित किसानों ने अपने अनुभव कृषि विद्यार्थियों के साथ साझा किए और गाँव एवं कृषि से जुड़ी समस्याओं जैसे लेबर की कमी, बन्दरों की समस्या को सामने रखा।

लाइव इवेंट

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दुर्ग का दबदबा



दुर्ग। 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दुर्ग जोन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम किया। प्रतियोगिता के तहत नेटबॉल और कराते के रोमांचक मुकाबलों में दुर्ग के खिलाड़ियों ने कई खिताब अपने नाम किए। नेटबॉल के 17 वर्ष बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में दुर्ग जोन ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कराते के विभिन्न आयु वर्गों में भी दुर्ग के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई पदक जीते। नेटबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में दुर्ग की टीम ने अपने दोनों मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की। दुर्ग ने रायपुर को 26-10 और सरगुजा को 25-06 से हराया। रायपुर की टीम भी तीन मुकाबलों में जीत हासिल कर दूसरे स्थान पर रही, जबकि बस्तर जोन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में दुर्ग जोन प्रथम, रायपुर द्वितीय और बिलासपुर तृतीय स्थान पर रहा। कराते प्रतियोगिता के 14 वर्ष बालक वर्ग में विभिन्न वजन श्रेणियों के मुकाबले हुए। इनमें दुर्ग के त्रिशभ मल्होत्रा ने 25 किग्रा, सौरभ रजक ने 35 किग्रा, रुद्र प्रताप साहू ने 40 किग्रा और प्रतीक कुमार ने 50 किग्रा भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अन्य भार वर्गों में रायपुर, बिलासपुर और बस्तर के खिलाड़ियों ने भी पदक जीते।

आज होगा समापन समारोह

प्रतियोगिता का समापन समारोह 31 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे भिलाई विद्यालय सेक्टर-2, भिलाई के खेल प्रांगण में आयोजित होगा। समारोह में मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल होंगे। अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय उपस्थित रहेंगे।

साइंस कॉलेज के 20 प्राध्यापक केन्द्रीय अध्ययन मंडल में शामिल

दुर्ग। छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 34 (क) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्यपाल एवं कुलाधिपति छत्तीसगढ़ ने महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम निर्माण हेतु विभिन्न संकायों में केन्द्रीय अध्ययन मंडल का गठन किया है। इस संबंध में दिनांक 23 अक्टूबर को प्रकाशित छत्तीसगढ़ राजपत्र के अनुसार इन अध्ययन मंडलों में शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के 20 प्राध्यापकों को शामिल किया गया है। ये प्राध्यापक छत्तीसगढ़ के महाविद्यालयों हेतु पाठ्यक्रम तैयार करेंगे। इस अध्ययन मंडल का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा। राजपत्र के अनुसार उच्चशिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन से संबंधित छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में उल्लेखित अधिसूचना में साईस कालेज के जिन प्राध्यापकों को शामिल किया गया है, उनमें भौतिक शास्त्र में डॉ. जगजीत कौर सलूजा, भूगर्भशास्त्र में डॉ. एसडी देशमुख एवं डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, वाणिज्य में डॉ. सुमीत अग्रवाल, संस्कृत में डॉ. जनेन्द्र दीवान, भूगोल में डॉ. अनिल मिश्रा, इतिहास में डॉ. अनिल पाण्डेय, राजनीति शास्त्र में डॉ. शकील हुसैन, मनोविज्ञान में डॉ. रचिता श्रीवास्तव, गणित में डॉ. पद्मावती, रसायन शास्त्र में डॉ. सुनीता मैथ्यू एवं प्रोफेसर उपमा श्रीवास्तव, प्राणीशास्त्र में डॉ. दिव्या कुमुदिनी मिंज, डॉ. संजू सिन्हा एवं डॉ. अलका मिश्रा, बायोटेक्नालॉजी में डॉ. श्वेता पाण्डेय, माइकोबायलॉजी में डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, कम्प्यूटर साइंस में डॉ. सनत साहू एवं डॉ. दिलीप साहू तथा पर्यावरण अध्ययन में डॉ. जीएस ठाकुर शामिल हैं।

● जेवरा सिरसा के 200 कुम्हार परिवार दशकों से संभाल रहे हुनर, अयोध्या तक पहुंच रहे हमारे जिले के बने दीये

इस दिवाली आग में तपकर रोशनी बिखेरेंगे मिट्टी के दीये, 10 लाख से ज्यादा हो रहे तैयार, गोबर और कैंडल के दीपक की भी डिमांड

भिलाई। आधुनिकता और बिजली की रंग-बिरंगी झालरों के बीच पारंपरिक मिट्टी के दीपकों की चमक आज भी बरकरार है। दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही घरों को रोशन करने के लिए मिट्टी के दीयों की खरीदारी शुरू हो गई है। बाजार में भले ही इलेक्ट्रॉनिक लाइट और आकर्षक सजावटी सामान की भरमार हो, लेकिन शुभ दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाने की परंपरा आज भी लोगों के दिलों में कायम है। यही वजह है कि दीपावली से पहले दुर्ग जिले के कुम्हार परिवार दिन-रात चाक पर दीये बनाने में जुटे हुए हैं। जिले में इस बार 10 लाख से अधिक मिट्टी के दीये तैयार किए जा रहे हैं। इनकी मांग केवल दुर्ग-भिलाई तक सीमित नहीं है, बल्कि दूसरे जिलों और प्रदेशों के साथ अयोध्या तक यहां के दीये पहुंच रहे हैं।



दुर्ग जिले में 20 से ज्यादा ऐसे गांव हैं, जहां बड़ी संख्या में मिट्टी के दीए तैयार किए जा रहे हैं। जेवरा और सिरसा मिट्टी के दीये बनाने के लिए अपनी अलग पहचान रखता है। पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही इस परंपरा को आज भी परिवार के सदस्य मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं। 200 से ज्यादा परिवार इस काम में सीधे जुड़े हुए हैं। दीपावली के मौसम में गांव की तस्वीर ही बदल जाती है। घरों के आंगन से लेकर कार्यस्थलों तक मिट्टी के दीये बनाने और उन्हें सुखाने का काम दिखाई देता है। परिवार के पुरुष, महिलाएं और युवा सभी इस काम में हाथ बंटाते हैं। यहां के कुम्हार गुलाब कुंभकार ने बताया कि दीयों की डिमांड इतनी अधिक रहती है कि चाहकर भी वे सभी ग्राहकों की जरूरत पूरी नहीं कर पाते। जेवरा सिरसा में बड़े पैमाने पर दीये तैयार किए जाते हैं। यहां से दुर्ग, भिलाई, रायपुर सहित दूसरे शहरों के व्यापारी दीये खरीदकर ले जाते हैं। यहां तक कि अयोध्या तक भी जेवरा सिरसा में तैयार दीयों की सप्लाई होती है। खास बात यह है कि यहां के कुम्हारों को दीये बेचने के लिए अलग-अलग शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ती। दूसरे शहरों और क्षेत्रों से व्यापारी तथा ग्राहक सीधे गांव पहुंचते हैं और अपनी जरूरत के अनुसार दीये खरीदकर ले जाते हैं। दीपावली के लिए दीये बनाने की तैयारी काफी पहले शुरू हो जाती है। गणेशोत्सव समाप्त होते ही कुम्हार परिवार दीपावली की मांग को देखते हुए उत्पादन तेज कर देते हैं। मिट्टी तैयार करने से लेकर चाक पर दीये का आकार देने, उन्हें सुखाने और पकाने तक कई चरणों से गुजरना पड़ता है। यह काम केवल एक-दो दिनों का नहीं, बल्कि लगातार मेहनत और समय मांगता है। अधिकांश परिवारों में चार से पांच चाक लगे हुए हैं, जिन पर परिवार के सदस्य बारी-बारी से दीये तैयार करते हैं। चाक पर मिट्टी का एक छोटा सा गोला कुछ ही पलों में सुंदर दीये का आकार ले लेता है। इसके



जिले के कई गांवों में आज भी जिंदा है पुश्तैनी हुनर

मिट्टी के दीये बनाने की परंपरा केवल जेवरा सिरसा तक सीमित नहीं है। दुर्ग जिले के ग्राम कौही, पाटन क्षेत्र, कचांदुर, थनौद, जामुल, कुम्हारी और दुर्ग शहर के कुम्हारपारा सहित कई इलाकों में कुम्हार परिवार इस काम से जुड़े हुए हैं। इन स्थानों पर भी दीपावली के पहले दीये बनाने का काम जोर-शोर से किया जाता है। कहीं छोटे स्तर पर तो कहीं परिवारों के सामूहिक प्रयास से बड़ी संख्या में दीये तैयार किए जाते हैं। इन गांवों और बस्तियों में मिट्टी के दीये बनाना केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि परिवारों की सांस्कृतिक पहचान भी है। कई परिवार ऐसे हैं, जिनके बुजुर्गों ने चाक चलाकर अपना जीवन बिताया और अब नई पीढ़ी भी इसी काम को आगे बढ़ा रही है। हालांकि बदलते समय में बाजार की प्रतिस्पर्धा और मशीनों से तैयार होने वाले सजावटी उत्पादों के बावजूद पारंपरिक दीयों की मांग बनी हुई है।



शिवाजी नगर भिलाई में मेहतरू चक्रधारी तैयार कर रहा 30 हजार से ज्यादा दीए



इधर भिलाई में शिवाजी नगर में मेहतरू चक्रधारी पिछले करीब 50 सालों से मिट्टी के दीए तैयार करने का काम कर रहा है। मेहतरू ने बताया कि हर साल वह मिट्टी के दीए बनाता है। इस बार भी उसने करीब एक ट्रैक्टर मिट्टी खरीदी है। वर्तमान में दीए तैयार करने का काम चल रहा है। करीब 30 हजार दीए तैयार करेगा। अगले दो से तीन दिनों में दीए तैयार हो जाएंगे। इसके बाद उसे आग में तपाकर रंग लगाकर बाजार में बेचने के लिए भेज दिया जाएगा। 20 रुपए प्रति दर्जन के हिसाब से वह इन दीयों को बेचेगा।

रामचंद्र देशमुख के लोक कला में योगदान को किया याद

भिलाई। अंचल के प्रसिद्ध लोक कला पुरोधा और लोकमंच चंदैनी गोंदा के संस्थापक स्व. दाऊ रामचंद्र देशमुख के जन्म दिवस पर ट्विनसिटी के लोक कलाकारों और चंदैनी गोंदा की ठाकुर बहनों द्वारा बोरसी गैलेक्सी हाइट्स में स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ कलाकार और सेवानिवृत्त प्राध्यापक सुरेश देशमुख सहित वरिष्ठ कलाकार, साहित्यकार व परिजन उपस्थित थे। भिलाई दुर्ग सहित आसपास के कलाकारों और परिजनों ने दाऊ रामचंद्र देशमुख के लोक कला में योगदान को याद करते हुए भावभीना स्मरण किया। लोक कलाकारों व परिजनों चंदैनी गोंदा से जुड़े रहे लोक कलाकार नम्रता , शैलजा , अनुराग ठाकुर , मंजू और राजलक्ष्मी ने रामचंद्र देशमुख के छग के कला जगत में योगदान को यादगार बताया। उनकी नाट्य कृतियों, लोक गीतों , कविताओं को छग की लोक संस्कृति की आत्मा बताया। पूर्व मेंअधिश्री , अनुश्री वशुभ्रा ने चित्र पर माल्यार्पण किया। डां.





सुरेश देशमुख ने नम्रता सिंह के वैचारिक योगदान के लिए शॉल और श्रीफल भेंट करके उनका सम्मान किया । चंदैनी गोंदा के लोक नाट्यों के मंचनों के यादगार घटनाओं को साझा किया । नम्रता ने भी लोक कला पुरोधा रामचंद्र देशमुख के कला यात्रा पर प्रकाश डाला।

डां. शैलजा ठाकुर ने हर चांदी , हर चांदी की प्रस्तुति दी और कवयित्री संतोष झांझी ने सबके आ अब मोला जान दे संगवारी की मधुर प्रस्तुति दी । डां. मंगला देशमुख ने प्रेरक प्रसंगा व वैभव देशमुख अधिश्री ने कविता सुनाई। समीक्षक मंजू व वरिष्ठ रंगकर्मी विनायक अग्रवाल और राजलक्ष्मी ने लोक कला पुरोधा दीर्घ समर्पण को याद गकिया। राजलक्ष्मी संस्मरणों के माध्यम से दाऊ रामचन्द्र देशमुख के व्यक्तित्व और कृतित्व को प्रेरक बताया। कार्यक्रम में आनन्दवर्धन और हर्षवर्धन आदि कलाकार और गैलेक्सी हाइट्स सोसायटी के अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डां. देशमुख व वरिष्ठ साहित्यकार विजय वर्तमान और आभार प्रदर्शन डां. शैलजा ठाकुर ने किया।

नशामुक्ति के लिए लोकमंच के कलाकारों की प्रस्तुति से लोगों में आएगी जागरूकता



दुर्ग। नशा मुक्ति को लेकर एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि लोकमंच के प्रभावी कलाकारों को अपनी प्रस्तुति में संदेश देने से असर होगा। इस उद्देश्य के लिए नाचा के अनुरुप लेखन जरूरी है। साहित्यकार परदेशी राम वर्मा ने कहा कि साक्षरता अभियान के लिए लिखे गए नाचा के प्रहसन मैं बइला नोहंव लिखा था, जो पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, संतोष साहू द्वारा गांव-गांव में खेला गया था। उसी तर्ज पर नशा विरोधी प्रहसन लिखकर लाटाबोड़ गया। बालोद के अशोक आकाश और अन्य उपस्थित जानकारों की राय ली गई। डोमार सिंह कुंवर ने कहा कि यह भी मैं बइला नोहंव की तरह प्रभावित करेगा। अन्य नाचा दलों को भी इसकी प्रति दी जाएगी। इसी तरह पंडवानी कलाकार पद्मश्री उषा बारले ने भी विभिन्न प्रसंगों में नशा विरोधी बात कहने की संभावना पर विचार किया। शीघ्र ही पहला प्रदर्शन होगा। इस प्रकार नशामुक्ति को लेकर प्रस्तुति और कहानी तैयार किया गया है।


कार्नर न्यूज

शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियों से सजा देश राग फेस्टिवल, तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा मंच

देश रागः कोलकाता और चेन्नई के कलाकारों ने भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी और गौड़ीय नृत्य से बांधा समां

भिलाई। कला, संस्कृति और संगीत की विविध छटाओं से सराबोर भिलाई के एसएनजी सेक्टर-4 में आयोजित 21वें ऑल इंडिया फेस्टिवल एंड कॉम्पिटिशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर देश राग में इन दिनों भारतीय सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। देश के अलग-अलग राज्यों से पहुंचे कलाकार अपनी कला और प्रतिभा के जरिए मंच पर भारतीय परंपराओं की जीवंत तस्वीर पेश कर रहे हैं। शास्त्रीय नृत्य की भावपूर्ण मुद्राएं हों या लोकनृत्य की जीवंतता, बॉलीवुड की रंगीन प्रस्तुतियां हों या संगीत की मधुर स्वर लहरियां, हर प्रस्तुति दर्शकों को कला और संस्कृति की एक नई दुनिया से रूबरू करा रही है।

नृत्यधाम कला समिति की संचालिका डॉ. राखी रॉय ने बताया कि फेस्टिवल के दौरान कोलकाता और चेन्नई से पहुंचे अतिथि कलाकारों की विशेष प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कलाकारों ने अपनी साधना, अनुशासन और शानदार मंचीय अभिव्यक्ति से दर्शकों का दिल जीत लिया। कोलकाता के अतनु दास ने भरतनाट्यम, कौशिक शॉ ने गौड़ीय नृत्य, सृष्टि मलिक और ध्रुबज्योति सरकार ने भरतनाट्यम तथा तीर्थंकर गुप्ता ने कुचिपुड़ी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं चेन्नई की शैली





मोगरी ने भरतनाट्यम के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा और उसकी भावपूर्ण अभिव्यक्ति को मंच पर साकार किया। कलाकारों की प्रस्तुतियों में नृत्य की बारीक मुद्राओं, चेहरे के भाव, लय और ताल का सुंदर समन्वय देखने को मिला। हर कलाकार ने अपनी विशिष्ट शैली से मंच पर अलग छाप छोड़ी। शास्त्रीय नृत्य की पारंपरिक मुद्राओं और भाव-भंगिमाओं ने जहां दर्शकों को भारतीय संस्कृति की गहराई से परिचित कराया, वहीं कलाकारों की सधी हुई पदचाप और संगीत के साथ उनका तालमेल आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रस्तुतियों के दौरान सभागार में मौजूद दर्शक लगातार तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे। कई प्रस्तुतियों के बाद पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।



सिटी इवेंट

साइंस कॉलेज में 3 नवंबर को जिला स्तरीय युवा संसद चैंपियनशिप



दुर्ग। विकसित भारत युवा संसद 2027 के तहत 3 नवम्बर को साइंस कॉलेज दुर्ग के राधाकृष्णन हॉल में जिला स्तरीय चैंपियनशिप आयोजित होगी। मेरा युवा भारत दुर्ग द्वारा आयोजित एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से इस प्रतियोगिता में युवा एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक चेतना, संवैधानिक मूल्यों, तार्किक चिंतन, संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से युवाओं को राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर अपनी राय रखने और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा हिस्सा ले सकेंगे। आयु की गणना 17 अगस्त की निर्धारित कट-ऑफ तिथि के आधार पर की जाएगी। प्रत्येक प्रतिभागी को भाषण प्रस्तुत करने के लिए तीन मिनट का समय दिया जाएगा। युवा हिंदी, अंग्रेजी सहित निर्धारित दिशा-निर्देशों में अनुमत भाषाओं में अपने विचार रख सकेंगे। प्रतियोगियों का मूल्यांकन विषय की प्रासंगिकता, भाषण की स्पष्टता, संवाद शैली, रचनात्मकता, भाषा के प्रवाह और निर्धारित समय के पालन के आधार पर किया जाएगा। युवाओं को विषय की बेहतर समझ के साथ तार्किक और प्रभावी ढंग से अपनी बात रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जिला स्तरीय चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था, संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर विचार व्यक्त करने का मंच मिलेगा। आयोजकों ने जिले के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने की अपील की है।

- एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर रखेंगे विचार, 3 प्रतिभागियों का होगा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

42 दिनों तक चले भक्तांबर अनुष्ठान के समापन समारोह में पहुंचे काठमांडू नेपाल से आए डॉ. चंद्रमणि दीक्षित

अहिंसा किसी प्राणी की हत्या तक सीमित नहीं, वह विचार, वाणी, हृदय में करुणा को करती है प्रकट

दुर्ग। प्रकृति जब रौद्र रूप धारण कर अपनी मर्यादाओं का उल्लंघन करती है, तो पलभर में संपूर्ण मानव सभ्यता को झकझोर देने की शक्ति रखती है। नेपाल में हाल ही में घटित क्रांति और उसके परिणामों ने हमें यह सोचने पर विवश किया है कि जब परिस्थितियां अचानक बदलती हैं, तो वर्षों में निर्मित व्यवस्थाएं और उपलब्धियां भी क्षणभर में बिखर सकती हैं। ऐसे समय में भगवान महावीर के सिद्धांत और उनके द्वारा प्रदत्त जीवन-दर्शन हमें आत्मचिंतन का मार्ग दिखाते हैं। महावीर स्वामी का दर्शन हमें सिखाता है कि शांति, सहिष्णुता, संयम और परस्पर सम्मान ही एक स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं। उक्त बातें जयआनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में भक्तांबर संपुष्ट अनुष्ठान के समापन समारोह में काठमांडू नेपाल से आये सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. चंद्रमणि दीक्षित ने आयोजित धर्म सभा में कही। उन्होंने आगे कहा भगवान महावीर की अहिंसा केवल किसी प्राणी की हत्या न करने तक सीमित नहीं है। वास्तविक अहिंसा वह है, जिसमें हमारे विचारों, वाणी और व्यवहार में किसी भी जीव के प्रति हिंसा का भाव न हो। जब मनुष्य के हृदय में करुणा का संचार होता है और उसके विचारों में दूसरे के प्रति द्वेष समाप्त होने लगता है, तभी अहिंसा अपने व्यापक स्वरूप में प्रकट होती है। विचारों की अहिंसा ही अनेकांतवाद की आधारभूमि हे अहिंसा, अनेकांतवाद और अपरिग्रह ये तीनों सिद्धांत आज के अशांत विश्व के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं।





भारत और नेपाल के के संबंध आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. दीक्षित ने कहा कि भारत और नेपाल का संबंध केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है। दोनों देशों के बीच सदियों से आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। भगवान बुद्ध का जन्म लुंबिनी, नेपाल में हुआ था। वहीं भगवान महावीर का जन्म परंपरागत जैन मान्यता के अनुसार वैशाली गणराज्य के कुंडग्राम में हुआ था, जो वर्तमान बिहार, भारत में स्थित है। दोनों महापुरुषों की शिक्षाओं ने करुणा, संयम, आत्मशुद्धि और मानव कल्याण का संदेश हम सभी के लिए एक उदाहरण हैं। आयोजित धर्म सभा में नेपाल काठमांडू से आए प्रमुख अतिथि डॉ. चंद्रमणि दीक्षित का वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रमण संघ परिवार की ओर से अभिनंदन किया गया। आयंबिल महोत्सव में उत्कृष्ट योगदान देने वाले श्रीमती रैना पारख एवं आशीष रतन बोहरा का श्रमण संघ परिवार की ओर से अभिनंदन किया गया।

42 दिनों तक चले अनुष्ठान में बना रहा आध्यात्मिक वातावरण

17 सितंबर से शुरू हुए भक्तांबर अनुष्ठान मानव मिलन संस्थापक नेपाल केसरी राष्ट्र संत मणिभद्र मुनि के सानिध्य में समापन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। लगातार 42 दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। समापन समारोह में उपस्थित गुरु भक्तों के गौतम प्रसाद की व्यवस्था युगराज नेमीचंद संचेती परिवार की ओर से रखी गई थी। अनुष्ठान के अंतिम दिवस जुगराज संचेती परिवार, जसराज पारख परिवार, राकेश टीकम बाफना परिवार, राजेश, सुषमा, कोटेचा, राजेश, सोनल महेता परिवार का योगदान रहा। आयोजकों ने बताया कि पूरा कार्यक्रम आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। आए अतिथियों का अंतिम दिन सम्मान भी किया गया।

सिटी लाइव

आचार्य दिलीप बने छत्तीसगढ़ प्रान्तीय आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री







दुर्ग। आर्यनगर स्थित छत्तीसगढ़ प्रान्तीय आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रशासनिक कार्यालय में सभा की अंतरंग कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधान मुनि जोगीराम आर्य के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से आचार्य दिलीप आर्य को प्रान्तीय मंत्री नियुक्त किया गया। पूर्व कार्यकारिणी में आंशिक बदलाव करते हुए निर्वतमान मंत्री अवनी भूषण पुरंग के स्थान पर आचार्य दिलीप आर्य को मंत्री का दायित्व सौंपा गया। इसके साथ ही महेन्द्र आर्य को उपप्रधान तथा श्री विक्रम आर्य को कार्यालय मंत्री का दायित्व दिया गया। सभा की शेष कार्यकारिणी पूर्ववत रहेगी। कार्यकारिणी में प्रधान के रुप में मुनि जोगीराम आर्य, उपप्रधान के रुप में महेन्द्र आर्य, मंत्री के रुप में आचार्य दिलीप आर्य, कोषाध्यक्ष के रुप में योगीराम साहू तथा कार्यालय मंत्री के रूप में विक्रम आर्य अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य भी पूर्ववत बने रहेंगे। यह कार्यकारिणी वर्ष 2028 तक इसी स्वरुप में कार्यरत रहेगी। बैठक में अंतरंग कार्यकारिणी के कुल 28 सदस्यों में से 25 सदस्य उपस्थित रहे। आचार्य दिलीप आर्य को प्रांतीय मंत्री का दायित्व सौंपे जाने पर आर्यसमाज के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त का वातावरण है। इससे कोई भ्रमित न हो सभा प्रधान मुनि जोगीराम आर्य, मंत्री आचार्य दिलीप आर्य, कोषाध्यक्ष योगीराम साहू के नेतृत्व में कार्यकारिणी अपना कार्य कर रही है।

उत्कृष्ट सेवाओं के लिए किया सम्मान

लोक भवन में स्काउट्स-गाइड्स को मिला राज्यपाल के हाथों राज्य पुरस्कार



दुर्ग। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने लोकभवन स्थित छत्तीसगढ़ मंडपम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य पुरस्कार अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहते हुए स्काउट्स-गाइड को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है जल, जंगल और जमीन को बचाना। जल संरक्षण और जंगल को बचाने की दिशा में स्काउट गाइड बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में स्काउट गाइड द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण सुरक्षा के लिये कारगर सिद्ध हो रहा है। मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि इस पुरस्कार पाने के लिए बस्तर क्षेत्र से भी स्काउट गाइड आए हुए हैं। बस्तर से नक्सली समाप्त होने के बाद वहां शांति है और बस्तर बड़ी तेजी से बदल रहा है। स्काउट गाइड का आदर्श वाक्य है तैयार रहो। यह हमें हमेशा यह सिखाता है विषम परिस्थितियों एवं जिम्मेदारियां को निभाने के लिए हमेशा तैयार रहे। अंत में उन्होंने सम्मानित स्काउट गाइड से आह्वान किया कि यह सम्मान मिला कि उससे जिम्मेदारी बढ़ी है। यह सम्मान मिलने के बाद समाज सेवा में अपना योगदान देने की अपील की। उन्होंने युवाओं को नसीहत देते हुए कहा कि समय को पहचानना है और संघर्ष कर जगह बनाना बहुत जरूरी है तब तभी मंजिल तक पहुंच पाएंगे। शिक्षा मंत्री एवं भारत स्काउट गाइड से अध्यक्ष गजेंद्र यादव ने कहा कि भारत स्काउट गाइड नियम और प्रतिज्ञाओं से बँधा होता है जो उन्हें अलग पहचान दिलाता है। स्काउट गाइड के जो यूनिफॉर्म पहनते हैं वह अन्य बच्चों से उत्कृष्ट होते हैं।

बौद्ध कल्याण समिति का आयोजन

वर्षावास के समापन में बुद्ध वंदना के साथ किया परित्राणाय पाठ



दुर्ग। महामाया बौद्ध कल्याण समिति कर्मचारी नगर में अश्विन पूर्णिमा और वर्षावास समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह के कार्यक्रम में सर्व प्रथम पूज्य भंते अशोक मित्र, प्रकाश दीप ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर तथागत भगवान बुद्ध और बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। समिति के अध्यक्ष प्रीति थूल एवं पदाधिकारियों ने भंते का पुष्प गुच्छे देकर स्वागत किया गया। पूज्य भंते द्वारा बुद्ध वंदना की गई और परित्राणाय पाठ किया गया। भंते ने भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन और उनके द्वारा दिए गए संदेश पर प्रकाश डाला। भगवान बुद्ध का शांति का धम्म है। उनके बताये मार्ग विपश्यना पर प्रकाश डाला। विपश्यना से तन और मन का शुद्धिकरण होता है। पिछले तीन महीने से भंते लगातार हर दिन धम्म देशना देते हुए उपासक उपासिकाओ ने धम्म लाभ लिया। इसमें स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। संध्या के कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगारंग प्रस्तुत किया गया। जिन बच्चों ने भाग लेकर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया, उनको 1 जनवरी को पुरस्कार दिया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन भरने ने किया। तथागत म्यूजिकल ग्रुप के अध्यक्ष अनिल साखले एवं महासचिव धनंजय मेश्राम और साथियों का समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने स्वागत किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य नितीन मेश्राम, चौरे, जाग्रुत, सुनील मेश्राम, एसके भरने, संजय बंसोड, रमेश बारसागडे, एसएम शेंडे, मिलिंद थूल, रामराव ढोक, आरएन खोब्रागडे, भगवती श्यामकुवर, इंदु ढोक आदि समिति के समस्त सदस्यगण उपस्थित थे। यह जानकारी अध्यक्ष प्रीति थूल ने दी।

एमडी साइकियाट्री में डॉ. अंकिता झंवर ने हासिल किया गोल्ड मेडल



दुर्ग। बालकिशन झंवर महेश सेवा निधि ट्रस्ट छतीसगढ प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं शांति देवी झंवर की पौत्री डॉ. अंकिता झंवर ने एमडी साइकियाट्री में गोल्ड मेडल हासिल कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ दुर्ग एवं साजा क्षेत्र में भी हर्ष का माहौल है। डॉ. अंकिता की इस सफलता को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि माना जा रहा है। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। डॉ. अंकिता झंवर राजेश झंवर एवं शीला झंवर की सुपुत्री हैं। एमडी साइकियाट्री में गोल्ड मेडल प्राप्त कर उन्होंने अपने परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता पर परिजनों, रिश्तेदारों ने कहा कि चिकित्सा जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ ही एमडी साइकियाट्री में गोल्ड मेडल प्राप्त करना उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और समर्पण को दर्शाता है।

खुशियों की दिवाली पर 500 बच्चों को बांटेंगे पटाखे और मिठाइयां

दुर्ग। डोनेट थोड़ा सा संस्था द्वारा 1 नवंबर को ऋषभ देव परिसर शिवपारा में खुशियों की दिवाली का कार्यक्रम आयोजित है। आयोजन में 500 से ज्यादा बच्चों को मिठाइयां और पटाखे का वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि दिवाली हम सभी के लिए खुशियों, रोशनी और अपनों के साथ जश्न मनाने का त्योहार है। लेकिन क्या हो, अगर हमारी छोटी-सी कोशिश किसी बच्चे की दिवाली को भी खास बना दें। संस्था ने 30 बच्चों से शुरुआत की, आज 500 से ज्यादा बच्चों तक खुशियां पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। हर साल की तरह इस बार भी हमारा्य है कि कोई भी बच्चा दिवाली की खुशियों से वंचित न रहे। इसी संकल्प के साथ आयोजन किया जा रहा है। दिवाली किट का वितरण किया जाएगा। इसके लिए सुबह 11 बजे से 6 बजे तक लोगों के सहयोग भी लिया जाएगा।

रिसाली में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन, आज होगा समापन

आठवें दिन सुदामा चरित्र, राजा परीक्षित के अंतिम सात दिनों और शुकदेव से कथा के प्रसंग का वर्णन, भगवान को लगाया गया छप्पन भोग

कार्नर न्यूज

भिलाई । रिसाली के प्रगति नगर स्थित मां परमेश्वरी भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के आठवें दिन शुक्रवार को भागवताचार्य संत निरंजन महाराज (लिमतरा वाले) ने सुदामा चरित्र, द्वारिका लीला एवं राजा परीक्षित मोक्ष के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग अर्पित किया गया। कथा स्थल पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा।

कथावाचक संत श्री निरंजन महाराज ने भगवान कृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि सच्ची मित्रता में धन-दौलत और ऊंच-नीच का कोई स्थान नहीं होता। द्वारिका पहुंचने पर भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बालसखा सुदामा का जिस प्रेम और आत्मीयता से स्वागत किया, वह मित्रता और भक्ति का अनुपम उदाहरण है।



महाराज ने राजा परीक्षित के जीवन के अंतिम सात दिनों और शुकदेव से भागवत कथा श्रवण के प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भागवत कथा का श्रवण मनुष्य को मोह-माया से मुक्त होकर ईश्वर की भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

छप्पन भोग से भक्तिमय हुआ वातावरण

आयोजन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और भगवान के जयकारों के साथ धार्मिक आयोजन में सहभागिता की। आयोजन कर्ता दामिनी देवी देवांगन, रमेश लाल देवांगन,अदिति देवांगन, राजकिरन देवांगन, कु. सानवी देवांगन,अविराज देवांगन सहित देवांगन परिवार द्वारा कराया जा रहा है। यह नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 23 से 31 अक्टूबर तक मां परमेश्वरी भवन, प्रगति नगर, रिसाली में आयोजित किया जा रहा है। कथा का समापन 31 अक्टूबर को गीतासार प्रवचन, हवन-पूर्णाहुति एवं सहस्रधारा स्नान के साथ होगा। आयोजन देवांगन परिवार द्वारा किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

छग सीनियर वॉलीबॉल स्पर्धा में भाग लेने चयन 12 से

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा छ.ग. राज्य सीनियर (पुरुष एवं महिला) वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एनटीपीसी लारा, पुसौर रायगढ़ में 12 से 15 नवम्बर तक किया जा रहा है। इसमें भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा वॉलीबॉल ग्राउंड, पंत स्टेडियम, सेक्टर- 1 में 2 नवम्बर को शाम 6.30 बजे से टीम के (पुरुष एवं महिला) चयन स्पर्धा होगी। बीएसपी कार्मिक, उनके परिजन, भिलाई परिधीय क्षेत्र के बेरोजगार खिलाड़ी इसमें भाग ले सकते हैं। चयन स्पर्धा के प्रभारी विभाग के उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक होंगे।

सरकार के फैसले किसान हित को समर्पित : जितेंद्र

सेलूद/पाटन। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने कहा कि राज्य



सरकार के ये फैसले किसानों, आम नागरिकों और सरकारी कर्मचारियों के हितों को सर्वोपरि रखते हैं। धान खरीदी की तैयारियों से लेकर घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने और शासकीय सेवकों व उनके परिजनों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मंजूरी तक, ये सभी कदम प्रदेश में सुशासन, संवेदनशीलता और जनकल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की मेहनत का सम्मान करते हुए उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित कर रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए 15 नवंबर 2026 से धान खरीदी शुरू करने का निर्णय किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश के 27.50 लाख से अधिक किसानों से 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान खरीदा जाएगा।

एक-एक कर बंद हो रहे बीएसपी स्कूल, खाली भवन एनजीओ के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप में एक एक कर बंद हो रहे बीएसपी स्कूलों का खामियाजा बीएसपी कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। उनके बच्चों को महंगे प्राइवेट स्कूलों पढ़ने मजबूर होना पड़ रहा है। जिस तेजी से बीएसपी स्कूल बंद होते जा रहे हैं, निजी स्कूलों की तादाद बढ़ती जा रही है

उल्लेखनीय है कि पिछले दो दशकों के दौरान विभिन्न सेक्टरों मे स्थित करीब 75 बीएसपी स्कूल बंद हो चुके हैं। वर्तमान में मात्र 5 स्कूल ही संचालित हो रहे हैं। टाउनशिप में पूर्व में सौ बीएसपी स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। धीरे धीरे एक के बाद एक स्कूल वाइंडअप कर दिए जाने से बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों के साथ गैर बीएसपी कर्मियो को बच्चों को भी परेशानी हो रही है। यूनियनों और पालकों के मुताबिक निजी स्कूलों की फीस न सिर्फ अधिक है बल्कि एसेसरीज का भार भी पालकों को वहन करना पड़ रहा है। जबकि कुछ साल पहले तक बीएसपी स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों बच्चों की पढ़ाई का खर्च इससे कई गुना कम था। फीस नगण्य और शिक्षा भी गुणवत्तायुक्त थी। बच्चों को पटरीपार कर दूर निजी स्कूलों में नहीं जाना पड़ता था। यूनियनों द्वारा बीएसपी कर्मियों के बच्चों के लिए बीएसपी स्कूलों को नए सिरे से आरक्षित व संचालित किए जाने की मांग की गई है।

बीएसपी कर्मियों के बच्चे महंगे निजी स्कूलों में पढ़ने मजबूर



बंद हुए यह प्रमुख स्कूल

टाउनशिप में पिछले बीस साल के दौरान पचास से अधिक स्कूल बंद किए जा चुके हैं। सेक्टर 6 में हायर सेकंडरी स्कूल, गर्ल्स स्कूल,ईएमएमएस और प्रायमरी स्कूल, सेक्टर 2 हायर सेकंडरी स्कूल, सेक्टर 5 गर्ल्स स्कूल और सेक्टर 1 मिडिल स्कूल, सेक्टर 8 हायर सेकंडरी स्कूल, सेक्टर 10 ईएमएमएस और सेक्टर 3 प्रायमरी स्कूल सहित कई स्कूल बंद हो चुके हैं। एक और स्कूल को बंद किए जाने की तैयारी है। कई बंद स्कूलों के खाली भवन एनजीओ, यूनियनों व विभिन्न संगठनों को आवंटित किए जा चुके हैं और कई खाली जर्जर हो रहे हैं।

बीएसपी से अधिकतर एसएमईएस को नही मिल रहा पर्याप्त काम

दोतरफा उपेक्षा की मार झेल रहे औद्योगिक क्षेत्र के सहायक उद्योग, कई हो चुके हैं बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वर्षों तक भिलाई इस्पात संयंत्र पर निर्भर रहने वाले औद्योगिक क्षेत्र भिलाई के सहायक उद्योगों को अब काम के लाले पड़े हुए हैं। अधिकतर उद्योगों को दोतरफा उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर बीएसपी से पर्याप्त काम यानी आर्डर नहीं मिल रहा है वहीं दूसरी ओर उद्योग विभाग और राज्य शासन से भी राहत मिलती नही दिख रही है। इसके कारण कई उद्योग बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि साठ साल पूर्व भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के साथ ही यहां औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया था। हथखोज में स्थित करीबन तीन सौ से अधिक लघु, सहायक, मध्यम और कुछ भारी उद्योग शुरु हुए थे। उद्योगों की स्थापना का शुरुआती मकसद यहां औद्योगिक विकास व रोजगार सुलभता के साथ बीएसपी मे लगने वाले कलपुर्जे व पार्ट्स आदि तैयार करवान था। इन उद्योगों को कच्चा माल यानी आर्डर बीएसपी द्वारा दिया जाता है। उद्यमियों के मुताबिक दो दशक पूर्व तक एसएमईएस को बीएसपी से मिलने वाले आर्डर की स्थिति आज की तरह चिंताजनक नहीं थी। जैसे जैसे बीएसपी में बाहर के बड़े उद्योगों का वर्चस्व बढ़ता गया, सहायक उद्योगों के आर्डर सिमटते गए। इंक्वायरी कुछ उद्योगों तक ही सिमटने से अधिकतर स्थानीय उद्योगों की हालत खस्ता होती गई। पिछले पांच साल के दौरान पर्याप्त काम नहीं मिलने से कई सहायक उद्योग बंद हो चुके हैं और की बंद होने की कगार पर हैं। बदहाली के चलते कई उद्यमियो को उद्योगों का संचालन करना मुश्किल होता जा रहा है। कई बार उद्योग संगठन बीएसपी प्रबंधन से मिलकर नियमित और पर्याप्त काम दिलाने की मांग कर चुके हैं लेकिन परिणाम शून्य है।

साठ साल पुराना है भिलाई का औद्योगिक क्षेत्र



कई उद्योग बदल चुके हैं ट्रेड

बीएसपी और राज्य सरकार की उपेक्षा के कारण कुछ एसएमईएस ट्रेड बदल चुके हैं। वहीं कई बंद होने की स्थिति में हैं। कई उद्योग बदहाली के चलते मजदूरों को नियमित रुप से निर्धारित वेतन,भत्ते व बोनस आदि सुविधाएं नहीं दे पा रहे हैं। वहीं कुछ को ट्रेड बदलने से उद्योग विभाग के नोटिस की मार भी झेलनी पड़ रही है। उद्यमियों का कहना है कि बीएसपी व औद्योगिक क्षेत्र के सहायक उद्योग एक दूसरे के पूरक हैं। इन उद्योगों में हजारों लोगों को रोजगार मिला हुआ है। इसे देखते हुए सर्वाइव करने पर्याप्त काम दिए जाने की जरुरत है। वहीं सभी को साथ लेकर चलने वाले मजबूत उद्योग संगठन की भी जरुरत है।

नहीं मिल रही रियायत

औद्योगिक क्षेत्र के सहायक उद्योगों को बीएसपी की तरह उद्योग विभाग व राज्य शासन की उपेक्षा का दंश भी वर्षों से झेलना पड़ रहा है। उद्यमी वर्षों से सरकार से उद्योग चलाने सुविधाएं बढ़ाने और रियायत की मांग करते रहे हैं। रोजगार सृजन करने वाले उद्योगों को बढ़ावा देने की मांग की जा रही है। बिजली, पानी आदि कच्चे माल, बैंक लोन व ट्रांसपोर्टिंग आदि में छूट मांग रहे हैं। सिंगल विंडो सुविधा दम तोड़ चुकी है।

हॉस्पिटल सेक्टर के रहवासियों को मिला विधायक देवेंद्र का साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी के बेदखली नोटिस से चिंतित टाउनशिप के हास्पिटल सेक्टर के रहवासियों को अब भिलाई नगर के विधायक का साथ मिल गया है। उन्होंने सभी को बेघर नहीं होने दिए जाने का भरोसा दिलाते हुए कलेक्टर से राहत की मांग की है। आवास अधिकार संघ के बैनर तले हास्पिटल सेक्टर के रहवासी शुक्रवार को विधायक देवेंद्र यादव के साथ कलेक्टोट पहुंचे। उन्होंने टाउनशिप में निवासरत मजदूरों और उनके परिवारों की बीएसपी के नोटिस से बेघर होने जाने की चिंता से कलेक्टर को अवगत कराया।



■ कलेक्टर से की बेदखल न किए जाने की अपील

विधायक ने कलेक्टर से मांग की कि हॉस्पिटल सेक्टर के निवासियों की इन परिवारों को बेदखल होने से बचाया जाए और फिलहाल उनकी बस्तियों को यथावत रखा जाए। यदि भिलाई इस्पात संयंत्र के आवास निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध करा देता है, तो नगर निगम उसी के आसपास निवासियों के लिए आवास निर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल सेक्टर के आसपास 400 बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यदि इन परिवारों को दूर विस्थापित किया जाता है, तो बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी और लोगों का रोजगार भी छिन जाएगा। इसलिए प्रभावित परिवारों के लिए हॉस्पिटल सेक्टर के आसपास ही आवास की व्यवस्था की जानी चाहिए।जिला कलेक्टर ने आश्वासन दिया। कलेक्टर से मुलाकात करने वालों में संघ के नारायण राव, कलादास डेहरिया, सुंदरिया, शारदा मेश्राम, अरुणा, वजरम्मा, लता साहू, संजना, ब्रह्मा, अनुसुइया, सुधा, मैरी, इश्रातम्मा, मोहन, कृपा सहित हॉस्पिटल सेक्टर के रहवासी उपस्थित थे।

दस साल पूर्व हुई थी बेदखली कार्रवाई

हास्पिटल सेक्टर में बीएसपी के क्वार्टरों में कई साल से रिटायर बीएसपी कर्मी व उनके परिजन रह रहे हैं। अधिकतर लोग सेक्टर नौ हास्पिटल रिटायर पैरामेडिकल स्टाफ और अटेंडेंट व मजदूर हैं। बीएसपी जर्जर अवासीय ब्लाकों को अनफिट घोषित कर चुकी है। दस साल पूर्व बेदखली मुहिम का राजनीतिक दलों के विरोध के बाद रहवासी हाईकोर्ट से गुहार किए थे। स्टे के बाद 4 माह पूर्व कोर्ट ने बीएसपी के पक्ष में फैसला दिया था । इसके बाद बीएसपी द्वारा सभी रहवासियों को आवास खाली करने नोटिस जारी किया गया है। लेकिन रहवासी यथावत रखे जाने या निकट वैकल्पिक आवास की मांग कर रहे हैं।

भिलाई निगम नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कहा

मतदाता सूची की आड़ में अपनी नाकामियों को छिपाना बंद करें भूपेश बघेल और नीरज पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं भिलाई महापौर नीरज पाल द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नगर निगम भिलाई के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को चुनाव के समय मतदाता सूची की चिंता सताने लगी है, लेकिन भिलाई की जनता के मूलभूत सवालों और अपने पांच वर्षों के कार्यकाल का हिसाब देने से वे लगातार बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में यदि कोई त्रुटि है तो निर्वाचन आयोग के निर्धारित नियमों के तहत उसका निराकरण होना चाहिए। भाजपा निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव की पक्षधर है। लेकिन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के नाम पर राजनीतिक भ्रम फैलाना और अपनी विफलताओं से जनता का ध्यान भटकाना उचित नहीं है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल से भी पूछा कि क्या वे अपने महापौर के पांच वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों और वित्तीय पारदर्शिता पर सार्वजनिक चर्चा करने को तैयार हैं? नेता प्रतिपक्ष भोजराज ने कहा कि भिलाई की जनता को प्रेस कॉन्फ्रेंस की राजनीतिक बयानबाजी नहीं, बल्कि विकास कार्यों का हिसाब चाहिए। लोकतंत्र में सवाल पूछना विपक्ष का अधिकार ही नहीं, जनता के प्रति उसकी जिम्मेदारी भी है। कांग्रेस नेता मतदाता सूची पर राजनीति करने के बजाय भिलाई की जनता को अपने पांच साल के कार्यकाल का हिसाब दें। जनता अब जवाब मांग रही है।



महापौर नीरज पाल से किए ये सवाल

- वृक्षारोपण के नाम पर हुए खर्च और लगाए गए पौधों की वास्तविक स्थिति क्या है?
- डामरीकरण एवं सड़क निर्माण कार्यों में हुए खर्च का वार्डवार हिसाब जनता के सामने क्यों नहीं रखा जा रहा है?
- अवैध संपत्तिकर वसूली के आरोपों पर निगम प्रशासन की स्थिति क्या है?
- निगम में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के मामलों की निष्पक्ष जांच से परहेज क्यों किया जा रहा है?
- शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था, जर्जर सड़कें, नालियां और पेयजल की समस्याओं का समाधान क्यों नहीं हुआ?

तूफान से फसल बर्बाद और पटवारी हड़ताल पर, भगवान भरोसे किसान : राकेश ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हाल ही में आए अर्नब तूफान और बेमौसम बारिश ने छत्तीसगढ़ के किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। पककर तैयार खड़ी धान की फसल खेतों में पूरी तरह बिछ गई है और पानी में डूबने के कारण सड़ने की कगार पर है। इस भीषण संकट के बीच आज कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने ग्राम भोथली, मगरघटा सहित विभिन्न ग्रामो के किसानों के साथ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने खेतों में जाकर नुकसान की जमीनी हकीकत देखी और पीड़ित किसानों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया। राकेश ठाकुर ने कहा कि यह नुकसान सिर्फ फसल का नहीं है, बल्कि हमारे अन्नदाता के सालभर के खून-पसीने, उनकी उम्मीदों और बच्चों के भविष्य की बर्बादी है। दीवाली के त्योहार और धान खरीदी की शुरुआत से ठीक पहले आई इस प्राकृतिक आपदा ने किसानों के निवाले को छीन लिया है। आज किसान अपने ही खेतों में आंसुओं के सैलाब में डूबा हुआ है, ले कि न संवेदनशील होने का दावा करने वाली राज्य सरकार पूरी तरह कुंभकर्णी नींद सो रही है। राज्य में चल रही पटवारियों की हड़ताल पर गहरी चिंता व्यक्त की और प्रशासन की सुस्ती पर तीखा हमला बोला। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अगले 3 दिनों के भीतर सर्वे (विशेष गिरदावरी) की वैकल्पिक व्यवस्था शुरू नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के हक के लिए उग्र आंदोलन और चक्काजाम करने को बाध्य होगी।



■ पटवारियों की हड़ताल से सर्वे का काम पूरी तरह ठप

भिलाई विकास मंच ने नगर सेवा विभाग कार्यालय में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाई विकास मंच द्वारा भी भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा टाउनशिप में निवासरत लीज धारियों, रिटेंशन धारियों और लाइसेंस धारियों के आवासों की किराया वृद्धि और इस स्कीम को समाप्त करने के खिलाफ शुक्रवार को बीएसपी के नगर सेवा विभाग का घेराव किया गया। प्रदर्शन मेंप्रदर्शनकारियों ने आवास खाली नहीं कराने की मांग करते हुए पंद्रह दिन के अंदर राहत नहीं मिलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

मंच के संयोजक नीतिश मिश्रा ने बीएसपी के सीजीएम के नाम अधिनस्थ अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर रिटेंशनधार व लायसें आवासधारियों को बीएसपी द्वारा दिए जा रहे नोटिस को बताया । बताया कि किराया 24 रुपए वर्ग फीट तक बढ़कर , लाइसेंस एवं लीज़ धारियों को आवास खाली करने का नोटिस देकर मकान खाली करने दबाव बनाया जा रहा है। मांग की कि लीज़ धारियों को उनकी मांग के अनुरूप आवास दिलाने , रिटेंशन धारियों को तृतीय पक्ष का अनुरूप मासिक किराए के आधार पर किराया वसूलने हेतु एवं लाइसेंस धारियों को नोटिस जारी करना बंद किया जाए। 15 दिनों के भीतर मांगों पर कार्यवाही नहीं होने की दशा में चरणबद्ध उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। मिश्रा ने बताया कि बीसपी दूसरे जिलों में कार्य करने वाले राज्य शासन के अधिकारियों को आवास आबंटित करके रखा है दूसरी तरफ भिलाई इस्पात संयंत्र ने जिनके श्रम के बल आज जो उपलब्धियां हासिल की उन श्रमवीरो को आवासहीन करने का कृत्य किया जा रहा है। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

प्रदर्शन में मंच के विजय शुक्ला, अशोक जैन, राजदीप नामदेव, राकेश सिंह, राकेश कुमार, हिमांशु सिंह, कार्तिक, आर्यन उपाधियां, जनार्दन साहू, अश्विनी पाठक, विशाल शुक्ला, आशुतोष , आदित्य भगत, मोहित, अरुण नैयर आदि उपस्थित थे ।

सिविक सेंटर इंजीनियर्स भवन में अभिनंदन समारोह

ऑफिसर एसोसिएशन ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा अक्टूबर में सेवानिवृत्त अधिकारियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन इंजीनियर्स भवन, सिविक सेंटर में किया गया। सेफी चेयरमैन व ओए-बीएसपी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा सहित अखिलेश मिश्रा, संतोष कुमार सिंह व प्रहलाद मौर्य आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि दीपक जैन, कार्यपालक निदेशक दीपक जैन और सीएएन आईटी के कार्पोरेट आफिस के सीजीएम एसके सुनके थे।

समारोह में श्री बंछोर ने रिटायर अधिकारियों का सम्मान किया। इनमें रवि शंकर, सीजीएम (ए एंड डी); डॉ. उदय कुमार धाबर्डे, सीएमओ (मेडिकल); सौमेन्द्र साहा, डीजीएम (एचआर) आर. मनोज कुमार, एजीएम (आरएसएम) बीरेन्द्र कुमार, एजीएम (यूआरएम); अजय कुमार कलसकर, एजीएम (एसएमएस-2); स्वपन कुमार सारंगी, एजीएम (पीएलईएम); रमेश, एजीएम (डब्ल्यूएमडी) मोहनलाल जंघरे, एजीएम (ईआरएस), शंकर प्रसाद साहू, सीनियर मैनेजर (दल्ली); महेन्द्र कुमार बघेल, सीनियर मैनेजर (एफएंडएसएस) तथा सुरेन्द्र कुमार नायक, डिप्टी मैनेजर (एचआर) शामिल हैं। श्री नरेंद्र कुमार बंछोर ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र की उपलब्धियों में अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि ओए-बीएसपी सदैव अधिकारियों के हितों के संरक्षण एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहा है। सेफी द्वारा सेल प्रबंधन से सेवानिवृत्त अधिकारियों को अन्य महारत्न सार्वजनिक उपक्रमों के समकक्ष बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। श्री जैन ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के संयंत्र में उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन महासचिव अंकुर मिश्रा ने किया।

इस अवसर पर ओए के जोनल प्रतिनिधि एमएआर शरीफ, जी.पी. सोनी, प्रदीप राव, सोमेश द्विवेदी, एसके बोरकर, विवेक सिंह चौहान, श्रवण कुमार शुक्ला, एम. विजय कुमार, निमेष कुमार गुप्ता, एमके गुलाटी, डॉ. मनीष देवांगन, संजीव कुमार सोनी, श्वेत कुमार मिश्रा, एचएल. सोनवानी, राजूल कुमार पाण्डेय, विनीत वर्मा, एसके अग्रवाल, श्री सरोजन प्रसाद आदि अधिकारी उपस्थित थे।

